अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 123 लखनऊ, रविवार, 08 फरवरी 2026 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### महाराष्ट्र के गढ़िचरौली जिले में 71 लाख के इनामी 7 नक्सली ढेर

मुंबई। महाराष्ट्र के गढ़िचरौली जिले में पिछले तीन दिनों से चल रही मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 71 लाख रुपये के इनामी 07 नक्सलियों मार गिराया है। पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने शनिवार को गढ़िचरौली में पत्रकार वार्ता में बताया कि जिले में सिर्फ सात नक्सली बचे हैं, 31 मार्च तक जिले से नक्सलवाद पूरी तरह खत्म हो जाएगा। उन्होंने बताया कि तीन दिन और तीन रात तक चली इस मुठभेड़ में पुलिस के जवानों ने बहादुरी से नक्सलियों का सामना किया। हालांकि इसमें दीपक मडावी नाम का एक जवान बलिदान हो गया, जबकि एक जवान घायल हो गया। उसकी हालत खतरे से बाहर है।

### भारत-अमेरिका ट्रेड डील अर्थव्यवस्था पर डालेगा गंभीर असर: कांग्रेस

नई दिल्ली। कंग्रेस ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को देश के लिए नुकसानदेह बताते हुए कहा है कि यह भारत को अमेरिका का 'डंपिंग ग्राउंड' बना देगा और किसानों व अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर डालेगा। पार्टी के मीडिया विभाग प्रमुख पवन खेड़ा ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापार अधिशेष (ट्रेड सरप्लस) वाला साझेदार रहा है। दशकों तक भारत ने अमेरिका को भारी मात्रा में निर्यात कर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। लेकिन ट्रंप प्रशासन की इस डील से भारत को अगले पांच साल में 500 बिलियन डॉलर का आयात करना होगा यानी आयात तीन गुना बढ़ाना पड़ेगा। इससे भारत की आत्मनिर्भरता को नुकसान पहुंचेगा। भारत आखिर अमेरिका से क्या खरीदेगा, इसका जवाब सरकार के पास नहीं है।

### नागरिकता-वोटर लिस्ट विवाद : सोनिया गांधी ने आरोपों से किया इनकार, सुनवाई 21को

नई दिल्ली। बिना भारतीय नागरिकता हासिल किए मतदाता सूची में कथित तौर पर नाम शामिल कराए जाने के मामले में सोनिया गांधी के खिलाफ दाखिल रिवीजन पिटीशन पर राउज एवेन्यू कोर्ट में उनकी ओर से जवाब दाखिल किया गया है। सोनिया गांधी की तरफ से कोर्ट को बताया गया है कि उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं और इसके पीछे साफ तौर पर राजनीतिक मंशा है। उनके जवाब में कहा गया है कि यह याचिका कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है और उन्हें बेवजह विवादों में घसीटने की कोशिश की जा रही है।

# भारत, अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमत

एजेंसी

● भारत के लिए 30,000 अरब डॉलर का बाजार खुला



नई दिल्ली/वाशिंगटन (भाषा) भारत और अमेरिका ने शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा पर पहुंचने की घोषणा की जिसके तहत दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेंगे।

अमेरिका, भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को मौजूदा 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा। वहीं भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत शृंखला पर आयात शुल्क समाप्त या कम करेगा। इनमें सूखे अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट शामिल हैं। दोनों देशों के एक संयुक्त बयान के मुताबिक, भारत ने अगले पांच साल में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद, विमान और विमान कलपुर्जे, कीमती धातु, प्रौद्योगिकी उत्पाद और कोकिंग कोयला खरीदने का इरादा जताया है। बयान के मुताबिक, ''अमेरिका और भारत को पारस्परिक और द्विपक्षीय रूप से लाभकारी व्यापार से संबंधित एक अंतरिम समझौते के लिए रूपरेखा तैयार करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।'' इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से रूसी तेल की खरीद पर पिछले वर्ष अगस्त में भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क को हटा दिया है।

ट्रंप ने कहा कि भारत ने इस दिशा में कई 'महत्वपूर्ण कदम' उठाए हैं। भारत ने रूस से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तेल आयात बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है। आदेश में कहा गया है, सात फरवरी, 2026 को स्थानीय समयानुसार रात 12:01 बजे या उसके बाद उपभोग के लिए आयातित या गोदाम से उपभोग के लिए निकाले गए उत्पादों के संबंध में, अमेरिका में आयातित भारतीय उत्पादों पर कार्यकारी आदेश 14329 के तहत लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त मूल्य-आधारित शुल्क लागू नहीं होंगे। इस बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अंतरिम व्यापार समझौता किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर खोलकर 'मेक इन इंडिया' को मजबूत करेगा और महिलाओं एवं युवाओं के लिए रोजगार सृजित करेगा।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अंतरिम समझौते से भारतीय निर्यातकों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई), किसानों और मछुआरों के लिए 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर का बाजार खुलेगा। इसका कारण भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क पहले के 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। अमेरिका ने अगस्त, 2025 में रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखने को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगा दिया था। यह पहले से लगाए गए 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क के अलावा था। इस वजह से भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया था।

### अमेरिका ने जारी किया 'अखंड भारत' का मानचित्र पीओके-अक्साई चिन को बताया भारत का हिस्सा

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच हुए हालिया अंतरिम व्यापार समझौते की जानकारी सामने आ गई है। इस संबंध में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि के एक्स हैंडल से इस व्यापार समझौते से संबंधित भारत का मानचित्र साझा किया गया है, जिससे चीन और पाकिस्तान दोनों को ही मिर्ची लगने वाली है। संयुक्त राज्य अमेरिका व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) ने एक्स पर लिखा कि यह समझौता अमेरिकी उत्पादों के लिए भारत में नए बाजार खोलेगा।

### भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे से मेक इन इंडिया और रोजगार को बढ़ावा: प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के लिए तैयार किए गए ढांचे का स्वागत करते हुए इसे दोनों देशों के लिए बड़ी और सकारात्मक उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि यह ढांचा भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी की गहराई, विश्वास और सक्रियता को दर्शाता है तथा इससे मेक इन इंडिया अभियान को नई मजबूती मिलेगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की एक्स पर भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर की गई पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने के लिए उनके व्यक्तिगत योगदान के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अंतरिम व्यापार समझौता किसानों, उद्यमियों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों, स्टार्टअप नवोन्मेषकों और मछुआरों के लिए नए अवसर खोलेगा, जिससे देश में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा, खासकर महिलाओं और युवाओं के लिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समझौता भारत और अमेरिका के बीच निवेश और प्रौद्योगिकी साझेदारी को और गहरा करेगा तथा भरोसेमंद और सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूती प्रदान करेगा।

## भारत-अमेरिका डील : आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम : योगी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यह आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ''यह अंतरिम व्यापार ढांचा 'मेक इन इंडिया' को निर्णायक बढ़ावा देता है। यह भारतीय उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार तक पहुंच का विस्तार करता है और साथ ही किसानों, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका की रक्षा करता है।''

सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ''उन्होंने एक संतुलित, पारस्परिक और भारत-प्रथम समझौते को सुरक्षित करने में अपने निर्णायक और गतिशील नेतृत्व का प्रदर्शन किया, जो एमएसएमई को सशक्त बनाता है, निर्यात को बढ़ावा देता है, आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करता है और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करता है।'' उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ता भारत-अमेरिका सहयोग 'मेड इन इंडिया' में बढ़ते वैश्विक विश्वास को दर्शाता है और वैश्विक विकास के एक प्रमुख चालक के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करता है।

इससे पहले, राष्ट्रीय लोकदल के नेता और केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने भी भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी ने किसान, कामगार, कारीगर, कुटीर उद्योग और युवाओं के लिए ही दूसरे देश और समूह के साथ व्यापार नीति और करार में परिवर्तन के लिए प्रयास किया है। उन्होंने स्वयं इस बात को दो टूक कहा था और कई बार दोहराया भी।'' उन्होंने कहा, ''देश का किसान भी जानता है कि बेहतर दाम, उत्पाद और आर्थिक तरक्की के लिए विज्ञान, विधि और व्यापार से ही उनकी मेहनत रंग लाएगी।

## भारत की सबसे बड़ी ताकत बना वैश्विक भरोसा

### मलेशिया में जल्द शुरू होगा यूपीआई : नरेन्द्र मोदी

● भारतीय समुदाय को पीएम मोदी ने किया संबोधित

एजेंसी



कुआलालंपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत आज केवल एक बड़ा बाजार नहीं, बल्कि निवेश और व्यापार का भरोसेमंद वैश्विक साझेदार बन चुका है। यूके, यूएई, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ और अमेरिका सहित कई देशों के साथ भारत के व्यापार समझौते इस बढ़ते विश्वास का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट अब भारत की सबसे मजबूत करंसी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए ओसीआई कार्ड की पात्रता छठी पीढ़ी तक बढ़ाने, तिरुवल्लुवर स्कॉलरशिप शुरू करने और मलेशिया में नए भारतीय वाणिज्य दूतावास के शीघ्र उद्घाटन की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई जल्द ही मलेशिया में शुरू होगी, जिससे दोनों देशों के बीच आर्थिक और जनसंपर्क और मजबूत होंगे। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा और फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र बना चुका है, जहां दुनिया के करीब आधे रियल-टाइम डिजिटल लेन-देन होते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत और मलेशिया की दोस्ती अब व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रूप में आगे बढ़ रही है। दोनों देशों का संबंध इंडिया-मलेशिया पार्टनरशिप फॉर एडवांसिंग कलेक्टिव ट्रांसफॉर्मेशन (आईएमपीएसीटी) मंत्र पर आधारित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने बीते एक दशक में अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। भारत 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से शीर्ष-3 की ओर बढ़ रहा है, मोबाइल निर्माण, स्टार्ट-अप, रक्षा निर्यात और स्वच्छ ऊर्जा में बड़ी उपलब्धियां हासिल हुई हैं।

## आरोप में बदलाव का अधिकार केवल अदालत को: हाईकोर्ट

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि आपराधिक मामलों में आरोप को बदलने, जोड़ने या संशोधित करने का विशेष अधिकार केवल अदालत के पास होता है। अदालत ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 216 के तहत किसी भी पक्ष-चाहे वह पीड़ित हो, अभियोजन हो या आरोपों-को आरोप बदलने की मांग करने का कानूनी अधिकार प्राप्त नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति अनिल कुमार-दशम की एकलपीठ ने 'सिराज अली उर्फ बाबू बनाम उत्तर प्रदेश राज्य' मामले में दिया। मामले के अनुसार, वर्ष 2013 में दर्ज एफआईआर में आरोप था कि सिराज ने पीड़ित को पकड़ा और सह-आरोपी ने गोली चलाई, जिससे उसकी कोहनी में चोट लगी। प्रारंभ में ट्रायल कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता की धारा 324 (खतरनाक हथियार से चोट) के तहत आरोप तय किए थे। बाद में अभियोजन पक्ष ने धारा 216 के तहत आवेदन देकर आरोपों को धारा 307 (हत्या का प्रयास) में बदलने की मांग की, जिसे ट्रायल कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इस आदेश को आरोपित ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। अपीलकर्ता के वकील ने सुप्रीम कोर्ट के 'पी. कार्तिकलक्ष्मी बनाम गणेश' फैसले का हवाला देते हुए तर्क दिया कि अभियोजन को आरोप बदलने के लिए आवेदन करने का अधिकार नहीं है।

### परिवहन विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज वाहन मालिक ही दुर्घटना की स्थिति में मुआवजा भुगतान का जिम्मेदार : हाईकोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजे से जुड़े मामले में स्पष्ट किया है कि यदि किसी वाहन की बिक्री हो चुकी हो, लेकिन परिवहन विभाग के रिकॉर्ड में पंजीकरण पुराने मालिक के नाम पर ही दर्ज है, तो दुर्घटना की स्थिति में वही पंजीकृत मालिक मुआवजे के भुगतान के लिए जिम्मेदार माना जाएगा। अदालत ने ओरिएंटल इंश्योरेंस कम्पनी की अपील खारिज करते हुए कर्मचारी मुआवजा आयुक्त के आदेश को बरकरार रखा। यह आदेश न्यायमूर्ति संदीप जैन की एकलपीठ ने दिया है। यह मामला 26 फरवरी 2015 को हुई सड़क दुर्घटना से सम्बंधित है, जिसमें कार चालक धरमवीर की मौत हो गई थी। कर्मचारी मुआवजा आयुक्त, मुरादाबाद ने मृतक के परिजनों को 8,26,495 रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया था।

## मथुरा में सड़क हादसा: छह लोगों की मौत, सभी मृतकों की हुई पहचान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मथुरा।। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के सुरीर थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर शनिवार तड़के तेज रफ्तार कंटेनर ने स्लीपर बस से उतरकर खड़े यात्रियों को रौंद दिया। इस हादसे में छह यात्रियों की मौत हो गई, जबकि एक यात्री घायल है। पुलिस ने सभी मृतकों की शिनाख्त कर ली है। पुलिस के अनुसार मृतकों में औरैया के एरवा कटरा निवासी सोनू, बस्ती जिले के ग्राम भेलबल निवासी देवेश, कन्नौज निवासी असलम, दिल्ली निवासी संतोष, औरैया निवासी अनुराग और फिरोजाबाद निवासी प्रमोद के रूप में हुई है। घायल औरैया निवासी शिवकांत को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतकों की शिनाख्त उनके दस्तावेजों से करते हुए घटना की जानकारी परिवार को दे दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि दिल्ली के नांगलोई से स्लीपर बस यात्रियों को लेकर कानपुर देहात के रसूलाबाद के लिए रवाना हुई थी।जब बस सुरीर क्षेत्र के माइल स्टोन 88 के पास पहुंची तो कुछ यात्रियों ने लघुशंका जाने के लिए बस रुकवाई। बस चालक ने यात्रियों को सुरक्षित 'ग्रीन जोन' में न रोककर सड़क के किनारे ही बस खड़ी कर दी। बस से कुछ यात्री नीचे उतरकर किनारे खड़े थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने पहले तो बस को टक्कर मारी और फिर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े यात्रियों को कुचलते हुए आगे बढ़ गया।

# क्या गुजरात मॉडल से बदलेगी योगी सरकार की तस्वीर

मनोज कुमार शुक्ला, ब्यूरो चीफ

- यूपी में योगी सरकार 2.0 का दूसरा मंत्रिमंडल विस्तार जल्द, 12 से अधिक मंत्रियों के बदले जाने की संभावना
- 2027 विधानसभा और पंचायत चुनावों को देखते हुए बड़ा राजनीतिक दांव, भाजपा गुजरात मॉडल अपनाने पर कर रही मंथन
- सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन पर फोकस, करीब 15 नए विधायक व पार्टी पदाधिकारी मंत्रिमंडल में हो सकते हैं शामिल
- मंत्रियों के कामकाज को लेकर संगठन और आरएसएस तक शिकायतें, कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने की कोशिश
- जाट और ब्राह्मण समाज से प्रतिनिधित्व बढ़ाने की तैयारी, सीमित या बड़े फ़ेरबदल पर अंतिम फैसला नेतृत्व के हाथ



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार 2.0 का दूसरा मंत्रिमंडल विस्तार जल्द होने के संकेत मिल रहे हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार 2027 विधानसभा चुनाव और इस वर्ष होने वाले पंचायत चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा नेतृत्व प्रदेश सरकार में बड़े स्तर पर बदलाव की रणनीति पर विचार कर रहा है। पार्टी के अंदर चल रही चर्चाओं के मुताबिक मंत्रिमंडल से 12 से अधिक मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है। इसके साथ ही सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन साधते हुए करीब 15 नए विधायक और संगठन पदाधिकारी मंत्रिमंडल में शामिल किए जा सकते हैं। इसे भाजपा का संभावित राजनीतिक रीसेट माना जा रहा है। वर्तमान में योगी सरकार में मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्रियों सहित 21 कैबिनेट मंत्री, 14 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और 19 राज्यमंत्री हैं। कुल 54 मंत्रियों वाली सरकार में संवैधानिक रूप से अभी 6 पद खाली हैं, जिन पर नियुक्ति की पूरी संभावना बनी हुई है।

योगी सरकार 2.0 का पहला मंत्रिमंडल विस्तार 5 मार्च 2024 को लोकसभा चुनाव से पहले हुआ था। उस समय सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, रालोद से अनिल कुमार, भाजपा नेता सुनील शर्मा और दारा सिंह चौहान को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था। इसके बाद से दूसरा विस्तार लंबित है।

सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय नेतृत्व के एक वर्ग की राय है कि मौजूदा मंत्रिमंडल में करीब 50 प्रतिशत तक बदलाव किया जाना चाहिए। कई मंत्रियों को हटाकर उन्हें संगठन और चुनावी मैदान में सक्रिय किया जाए, ताकि सरकार और संगठन दोनों में नई ऊर्जा लाई जा सके। मंत्रियों को लेकर संगठन और कार्यकर्ताओं में नाराजगी की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं। आरोप है कि कई मंत्री सचिवालय में नियमित रूप से नहीं बैठते, कार्यकर्ताओं से संवाद नहीं करते और फोन पर भी उपलब्ध नहीं रहते। आरएसएस की समन्वय बैठकों में भी मंत्रियों के कामकाज को लेकर नकारात्मक फीडबैक मिलने की बात कही जा रही है। भाजपा नेतृत्व यूपी में गुजरात मॉडल अपनाने की संभावना पर भी गंभीरता से विचार कर रहा है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले गुजरात में 16 मंत्रियों से इस्तीफा लेकर नई टीम बनाई गई थी, जिसका चुनावी लाभ भाजपा को मिला था। राजनीतिक जानकार इसे एंटी-इनकम्बेंसी कम करने की प्रभावी रणनीति मानते हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि यूपी में भी कुछ इसी तर्ज पर नए चेहरों को मौका देकर सरकार की छवि बदली जा सकती है। इससे जातीय, क्षेत्रीय और सामाजिक समीकरणों को संतुलित करने में मदद मिलेगी और जनता के बीच सकारात्मक संदेश जाएगा। मंत्रिमंडल विस्तार में जाट और ब्राह्मण समाज से एक-एक मंत्री को शामिल किए जाने की संभावना जताई जा रही है। इसके अलावा दलित, पिछड़ा और महिला वर्ग से भी प्रतिनिधित्व बढ़ाया जा सकता है। सपा से बगावत कर भाजपा में आए कुछ विधायकों को भी मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है।

राजनीतिक जानकारों के अनुसार मंत्रिमंडल विस्तार की दो संभावनाएं हैं। पहली संभावना होली तक विस्तार की है, जबकि दूसरी संभावना में यदि देरी हुई तो पश्चिम बंगाल चुनाव के बाद फ़ेरबदल किया जा सकता है। हालांकि कुछ वरिष्ठ पत्रकारों का मानना है कि चुनावी साल नजदीक होने के कारण बहुत बड़ा फ़ेरबदल फिलहाल संभव नहीं है और केवल खाली पदों को भरकर सीमित विस्तार किया जा सकता है। बावजूद इसके, यह लगभग तय माना जा रहा है कि योगी सरकार में मंत्रिमंडल विस्तार होकर रहेगा।

# उत्तर प्रदेश में बिजली आपूर्ति में व्यापक सुधार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बिजली संकट अब बीते दौर की बात बन गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने बिजली की कमी से जूझने वाले राज्य की छवि को पीछे छोड़ते हुए ऊर्जा स्थिरता और आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं। प्रदेश में बिजली की मांग व आपूर्ति के बीच का अंतर लगातार घटा है और अब यह लगभग शून्य के स्तर पर पहुंच गया है। योगी सरकार का मानना है कि मजबूत बिजली व्यवस्था ही मजबूत अर्थव्यवस्था की बुनियाद होती है। बेहतर बिजली आपूर्ति के चलते प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ा है, एमएसएमई सेक्टर को संबल मिला है और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं।आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 में उत्तर प्रदेश की बिजली की कुल आवश्यकता 1 लाख 44 हजार 251

- पीक ऑवर में भी बिजली कटौती न के बराबर
- आरडीएसएस व स्मार्ट मीटरिंग से डिस्कॉम की कार्यक्षमता में बढ़ोतरी

मिलियन यूनिट थी। योगी सरकार ने बिजली की मांग व आपूर्ति के अंतर को समाप्त करने के लिए नीतियों और प्रबंधन सुधारों को जो प्रयास किया, उसका असर दिखने लगा। वित्त वर्ष 2023-24 में आपूर्ति 1 लाख 48 हजार 287 मिलियन यूनिट तक पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 1 लाख 64 हजार 786 मिलियन यूनिट हो गई। चालू



वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 तक की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ। इस अवधि में बिजली की कमी व्यावहारिक रूप से लगभग खत्म हो गई है।योगी सरकार ने बिजली उत्पादन और आपूर्ति के साथ साथ परोषण व वितरण व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया। राष्ट्रीय ग्रिड के माध्यम से अधिशेष बिजली वाले राज्यों से उत्तर प्रदेश को समय पर बिजली उपलब्ध कराई गई। सर्वाधिक मांग पीक ऑवर के समय भी प्रदेश में बिजली आपूर्ति लगभग पूरी की गई, जिससे उद्योगों और घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिली।संशोधित वितरण क्षेत्र सुधार योजना आरडीएसएस के अंतर्गत जर्जर लाइनों को बदला गया, ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई गई और स्मार्ट मीटरिंग को बढ़ावा दिया गया। इससे वितरण कंपनियों के घाटे में कमी आई और बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण संभव हुआ। ग्रामीण इलाकों में बिजली पहुंचाने के लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और सौभाग्य योजना के जरिए बड़े स्तर पर काम किया गया। गांवों और घरों तक बिजली पहुंचने से कृषि, कुटीर उद्योग और छोटे कारोबार को नई गति मिली है।

# 'अपोलोमेडिक्स लखनऊ की टीम ने मिर्गी की जटिल सर्जरी से किया सटीक इलाज'

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। न्यूरोलॉजी की जटिल परेशानियों के इलाज के क्षेत्र में एक अहम उपलब्धि के रूप में, अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल, लखनऊ ने 31 साल की एक महिला का सफल इलाज किया है, जो लंबे समय से मिर्गी की गंभीर समस्या से जूझ रही थीं। दवाइयों के बावजूद उनके दौरे काबू में नहीं आ रहे थे। यह सफलता अस्पताल की अलग-अलग विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की साझा मेहनत और मिर्गी सर्जरी में अनुभव को दिखाती है। मरीज को बचपन से ही बार-बार मिर्गी के दौरे पड़ते थे। इलाज के लिए उन्होंने कई डॉक्टरों से संपर्क किया, लेकिन दवाइयों की डोज बढ़ाने के बाद भी कोई खास फायदा नहीं हुआ। डॉक्टरों के मुताबिक, लंबे समय तक दवाइयां लेने से उन्हें दूसरी परेशानियां भी होने लगी थीं। अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल में निदेशक न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रवीण शर्मा की देखरेख में मरीज की पूरी जांच की गई। इसमें दिमाग का एमआरआई, वीडियो ईईजी जांच, पीईटी-सीटी स्कैन और मानसिक कार्यक्षमता से जुड़ी जांच शामिल थी। सभी रिपोर्ट्स के आधार पर मामला अस्पताल की एपिलेप्सी क्लिनिक में डॉक्टरों की साझा बैठक में रखा गया। इस टीम में न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. गोपाल पोडवाल और डॉ. प्रदीप, न्यूरोसर्जन डॉ. क्षितिज श्रीवास्तव (निदेशक एवं प्रमुख, न्यूरोसर्जरी) के साथ डॉ. सौरभ वर्मा, डॉ. अखिलेश और डॉ. दिवाकर, तथा रेडियोलॉजिस्ट डॉ. शुचि शामिल थीं। गहरी चर्चा के बाद यह तय हुआ कि मिर्गी का कारण दिमाग के दाहिने हिस्से के सुपीरियर टेम्पोरल जायरस में मौजूद है।इसके बाद डॉ. क्षितिज श्रीवास्तव ने दाईं ओर मिनी-क्रैनियोटॉमी सर्जरी की। सर्जरी के दौरान लगातार विशेष मशीनों से दिमाग की गतिविधि पर नजर रखी गई, ताकि मिर्गी पैदा करने वाले हिस्से को पूरी सटीकता से हटाया जा सके और आसपास के दिमागी हिस्सों को नुकसान न पहुंचे। निकाले गए टिशू को जांच के लिए भेजा गया। पैथोलॉजी विभाग की निदेशक डॉ. कविता सोमानी ने जांच में टाइप 2 कॉर्टिकल डिस्प्लेसिया की पुष्टि की, जो मिर्गी के उन मामलों में पाया जाता है जहां दवाइयां असर नहीं करतीं। सर्जरी के बाद मरीज की हालत स्थिर रही और उन्हें चौथे दिन कम दवाओं के साथ अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इस बारे में डॉ. क्षितिज श्रीवास्तव ने कहा, ह्लमिर्गी की सर्जरी में अलग-अलग विशेषज्ञ डॉक्टरों के बीच बेहतर तालमेल के साथ बहुत सटीक इलाज जरूरी होता है। हमारी एपिलेप्सी क्लीनिक की टीम ऐसे मरीजों को बेहतर इलाज दे पा रही है, जिन पर आम इलाज का असर नहीं हो रहा था।

# यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन को पल्लवी पटेल का समर्थन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- बोलीं सरकारी आंकड़े ही बता रहे बढ़ता जातिगत भेदभाव

लखनऊ। अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय नेता, विधायक पल्लवी पटेल ने यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन 2026 को लेकर केंद्र सरकार और उच्च शिक्षण संस्थानों पर तीखा हमला बोला है। शनिवार को लखनऊ में उन्होंने कहा कि भारत समानता का देश है, लेकिन हकीकत यह है कि जाति, धर्म और वर्ग के आधार पर भेदभाव की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिसकी पुष्टि सरकार के अपने आंकड़े करते हैं। पल्लवी पटेल ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत शोषण और भेदभाव के मामलों में 118 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मुद्दा किसी राजनीतिक दल का नहीं बल्कि सरकार के आधिकारिक आंकड़ों का है। पल्लवी पटेल के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने भी इन आंकड़ों की गंभीरता को स्वीकार किया है और यूजीसी ने स्वयं इस स्थिति को माना है। अपना दल (कमेरावादी) की नेता ने यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन 2026 का समर्थन करते हुए कहा कि यह रेगुलेशन उच्च शिक्षण संस्थानों में वंचित वर्गों के साथ हो रहे दमन और अन्याय को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि रोहित वेमुला और पायल तड़वी जैसे मामलों ने देश के सामने यह सच्चाई रख दी है कि सिस्टम के भीतर भेदभाव कितना गहरा है। पल्लवी पटेल ने आरोप लगाया कि सरकार ने इस रेगुलेशन को अपने हिसाब से मोड़कर पेश किया है। उनका कहना है कि इससे समस्या का समाधान होने के बजाय पूरे देश को 'अगड़ा बनाम वंचित' की लड़ाई में झोंक दिया गया है, जो सामाजिक सौहार्द और समानता के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। पल्लवी पटेल ने कहा कि यदि वास्तव में समानता और न्याय की स्थापना करनी है तो उच्च शिक्षण संस्थानों में वंचित वर्गों के अधिकारों की प्रभावी रक्षा करनी होगी। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन को निष्पक्ष और ईमानदारी से लागू किया जाए, ताकि शिक्षा के क्षेत्र में भेदभाव समाप्त हो सके।

## पेड़ काटते समय युवक की मौत, परिजनों ने अस्पताल में हंगामे की कोशिश की

लखनऊ। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव में पेड़ काटते समय नीचे गिरने से एक युवक की मौत हो गई। परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोसाईंगंज में इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामे की कोशिश की। इस पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझाकर मना लिया और शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, तिलक चंद्र नामक युवक पेड़ की कटाई कर रहा था, तभी वह अचानक नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत गोसाईंगंज सीएचसी ले गए। अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक के परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में इंजेक्शन लगाए जाने के तुरंत बाद तिलक चंद्र की हालत बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया। उन्होंने इलाज में लापरवाही की निष्पक्ष जांच की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बसपा को कमजोर करने की हो रही साजिश : मायावती

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने विपक्षी पार्टियों पर बसपा को कमजोर करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पार्टी को कमजोर करने के लिए लगातार साजिश की जा रही है। मायावती ने आरोप लगाया कि आज धर्म और जाति के नाम पर राजनीति हो रही है, जबकि जनता से जुड़े मूलभूत मुद्दों को जानबूझकर दरकिनार किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर मायावती ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक अहम बैठक की। लखनऊ में आयोजित इस बैठक में उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत करने के निर्देश दिए। मायावती ने कहा कि बसपा कार्यकर्ता विरोधी दलों के साम, दाम, दंड और भेद जैसे हथकंडों के साथ-साथ कुछ स्वार्थी दलित संगठनों के घिनौने षडयंत्रों का डटकर मुकदमा करते हुए पार्टी संगठन को मजबूत बनाने में लगे हुए हैं,



लेकिन चुनावी तैयारियों को ध्यान में रखकर संगठन में जरूरी फ़ेरबदल किए जाने हैं। मायावती ने भरोसा जताया कि उत्तर प्रदेश की जनता की चाहत और पार्टी के संकल्प के अनुरूप 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत पर आधारित पूर्ण बहुमत की बसपा सरकार एक बार फिर प्रदेश में बनाई जाएगी। बसपा प्रमुख ने इस दौरान भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश सरकार पिछले कुछ समय से जनहित के इन मुद्दों पर ध्यान देने की बजाए ज्यादातर जाति व धर्म की आड़ में ही अपनी राजनीति चमकाने लगी रहती है। इससे समाज में आपसी द्वेष व नफरत की भावना पैदा हो रही है, जो देश व जनहित में ठीक नहीं है। प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में मायावती ने कहा कि राज्य सरकार भी इसको लेकर चिंता जताती रहती है कि इसका समाधान यही है कि हर स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि वे लोग नाम वोटरलिस्ट में शामिल कराने में सहानुभूतिपूर्व हर प्रकार से पूरा सहयोग करें ताकि खासकर गरीब, अशिक्षित लोग भी वोटर बनने में पिछड़ ना जाए। बसपा प्रमुख ने कहा कि संसद का वर्तमान बजट सत्र भी सरकार व विपक्ष के बीच जबरदस्त राजनीति व टकराव के कारण काफी हंगामेदार,निलंबन बायकॉट से ग्रश्त रहा, जबकि सभी को अपनी बात रखने का मौका मिलना चाहिए। बसपा प्रमुख ने कहा कि संसद का वर्तमान बजट सत्र भी सरकार व विपक्ष के बीच जबरदस्त राजनीति व टकराव के कारण काफी हंगामेदार, निलंबन बायकॉट से ग्रश्त रहा, जबकि सभी को अपनी बात रखने का मौका मिलना चाहिए। संसद को चलाने के लिए जो नियम कानून बने हैं, उन पर भी इन दोनों को जरूर अमल करना चाहिए।

## राजधानी में मौसम साफ, निकली धूप,चल रही बसंती हवा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में सुबह से मौसम साफ बना हुआ है। चटक धूप निकली है। सुबह से बसंती हवा भी चल रही है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज लखनऊ का अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के आसपास दर्ज किया जाएगा। सुबह और शाम ही ठंड का असर रहेगा। शनिवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1.2 डिग्री कम रहा। अधिकतम आर्द्रता 85 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 40 फीसदी रही। पछुआ हवा से कोहरे का दौर खत्म हो गया है। मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया कि तेज पछुआ हवाओं के कारण प्रदेश में जारी घने कोहरे का दौर सिमट गया है। इससे अब आगामी 2-3 दिनों के दौरान तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव के अलावा कोई खास बदलाव नहीं होने से 2-3 दिनों के दौरान कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं होगा जिससे तापमान में 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज होगी।

## भारत विकास परिषद का गुरु वंदन उत्कृष्ट शिक्षकों-छात्रों का सम्मान

लखनऊ। भारत विकास परिषद अवध प्रांत की प्रगति शाखा ने इंदिरा नगर स्थित डीएवी कॉलेज में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजन किया। शाखा संस्थापिका मंजू सिंह ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। समारोह का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद और मां भारती के चित्र पर दीप प्रज्वलन तथा वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से किया गया, जबकि समापन राष्ट्रगान के साथ किया। इस अवसर पर मंजू सिंह ने बताया कि भारत विकास परिषद एक राष्ट्रीय सामाजिक संस्था है, जो सेवा के साथ-साथ संस्कारों को मजबूत करने के लिए कार्य कर रही है। परिषद बाल संस्कार शिविर, युवा संस्कार शिविर, भारत को जानो, राष्ट्रीय समूह गान और गुरु वंदन जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय परंपराओं को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय सनातन संस्कृति को पुनर्जीवित करना और गुरु-शिष्य परंपरा को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट शिक्षकों और विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। छात्रों ने अपने गुरुजनों और अभिभावकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए नशा मुक्त रहकर राष्ट्र सेवा की शपथ ली।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव पांडे, शिक्षक प्रमोद कुमार राय,के.सी पंत, सुमित मिश्रा, नीलम निगम, कंचन गुप्ता, बीना त्रिवेदी, नीलिमा माथुर, दर्श माथुर, संतोष सक्सेना, सुधा द्विवेदी तथा अतिथि एस.के द्विवेदी उपस्थित रहे।

# मलिहाबाद तहसील दिवस में भड़के वकील, हड़ताल की चेतावनी दी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। मलिहाबाद में शनिवार को तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। अधिकांश शिकायतें राजस्व, स्वास्थ्य और पुलिस विभाग से संबंधित थीं। इसी तहसील दिवस में मलिहाबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने एसीपी कोर्ट के संचालन और उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 76 के तहत लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे की मांग की। बार एसोसिएशन के अनुसार, पिछले लगभग पांच सालों से एसीपी कोर्ट का संचालन नहीं हो रहा है। इससे दूर-दराज के ग्रामीण निवासियों



और आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनमें काफी रोष है। अधिवक्ताओं ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 76 की उपधारा (2)-(3) के स्पष्ट प्रावधानों की अनदेखी की जा रही है। इस प्रावधान के तहत, 5 वर्ष की अवधि समाप्त होने पर असंक्रमणीय अधिकार वाला भूमिधर संक्रमणीय अधिकार वाला भूमिधर हो जाता है। वर्तमान में धारा 76 के तहत बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं। मलिहाबाद बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और समस्त अधिवक्ताओं की एक संयुक्त बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है। यदि 48 घंटों के भीतर लिखित आश्वासन नहीं मिलता है, तो 9 फरवरी 2026 को तहसील मलिहाबाद स्थित सभी राजस्व न्यायालयों का बहिष्कार किया जाएगा। इसके बाद, 10 फरवरी 2026 से सभी राजस्व न्यायालयों में हड़ताल शुरू की जाएगी। इस दौरान, समाज से यूसुफ नामक व्यक्ति ने पीडब्ल्यूडी विभाग से संबंधित एक प्रार्थना पत्र भी दिया, जिसमें उन्होंने सड़क निर्माण कराए जाने की बात कही। तहसील दिवस में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एबीवीपी-एनएसयूआई स्टूडेंट्स का बवाल, एलयू कैंपस में प्रॉक्टर को घेरा, पुलिस से धक्का-मुक्की

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को छात्र सभा के दौरान माहौल उस वक्त तनावपूर्ण हो गया, जब दो छात्र संगठनों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। एक ओर एनएसयूआई के छात्र थे, तो दूसरी ओर एबीवीपी के कार्यकर्ता मौजूद थे। देखते ही देखते दोनों गुटों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई, जो आगे चलकर विवाद और धक्का-मुक्की में बदल गई। छात्र सभा के आयोजन के दौरान पहले नारेबाजी हुई, फिर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बहस इतनी तेज हो गई कि दोनों पक्षों के छात्र एक-दूसरे के सामने आ खड़े हुए और माहौल गर्म हो गया। स्थिति बिगड़ती देख विश्वविद्यालय प्रशासन और सुरक्षा कर्मियों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की। विवाद के बीच एनएसयूआई और समाजवादी पार्टी से जुड़े छात्र संगठनों ने एक गंभीर आरोप लगाया। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय के एक प्रोफ़ेसर ने कथित तौर पर एक छात्र पर हाथ उठाया और मारपीट की। इस घटना को लेकर छात्रों में भारी आक्रोश देखा गया और उन्होंने तत्काल कार्रवाई की मांग की। घटना की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय प्रशासन मौके पर पहुंचा और हालात को काबू में किया। लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पूरे मामले की जांच का भरोसा दिलाया है और कहा है कि दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# सीएम योगी के विजन ने बदली किस्मत

- रामपुर में जनता दर्शन बना जीवनदायिनी राहत केंद्र
- योगी सरकार की गरीब-कल्याण नीति का जमीनी उदाहरण बना रामपुर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। सरकारी योजनाओं के साथ संवेदनशील प्रशासनिक इच्छाशक्ति जुड़ जाए तो वे जिंदगी बचाने और जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशहाली का जरिया बन जाती हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इसी विजन को जमीन पर उतारने के लिए रामपुर जिला प्रशासन ने जनता दर्शन में अनूठी पहल शुरू की, जो पूरे प्रदेश के लिए एक मिसाल बन कर सामने आयी है। रामपुर ऐसा जिला बन गया है, जहां जनता दर्शन में न केवल आयुष्मान कार्ड बनाकर



फरियादियों की गंभीर बीमारी का इलाज करवाया जा रहा, बल्कि उनकी पात्रता को चिह्नित कर अंत्योदय कार्ड बनवाकर योगी सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। डीएम रामपुर अजय कुमार द्विवेदी की अनूठी पहल ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंदों के जीवन में उम्मीदों की रोशनी भर दी है, जो दर्शाता है कि प्रशासन चाहे तो बदलाव संभव है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप रामपुर में सुबह 10 से 12 बजे तक कलेक्ट्रेट परिसर में होने वाला जनता दर्शन अब केवल शिकायत सुनने का मंच नहीं, बल्कि पीड़ितों के लिए जीवनदायिनी राहत का केंद्र बन चुका है। गंभीर बीमारियों से जूझते, गरीबी के बोझ तले दबे लोग जब सरकारी मदद की आस लेकर यहां आते हैं, तो उन्हें आश्वासन नहीं, बल्कि तत्काल समाधान मिलता है। डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने एक अभिनव व्यवस्था लागू की है। इसके तहत जिलाधिकारी कार्यालय में जनता दर्शन में जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा पीड़ित व्यक्ति की जांच की जाती है। इसके बाद गंभीर रोग से पीड़ित व्यक्तियों के दस्तावेजों की जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा जांच की जाती है। पात्रता सुनिश्चित होने पर महज 7 दिनों के अंदर अंत्योदय कार्ड के साथ ही इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जाता है। इतना ही नहीं, कई मामलों में यह प्रक्रिया 3-4 दिनों में पूरी कर दी जा रही है। जिलाधिकारी की अनूठी पहल से इलाज के अभाव में मायूस लोग आयुष्मान कार्ड हाथ में लेकर मुस्कुराने लगते हैं। किसी को कैंसर के इलाज की जरूरत थी, तो कोई किडनी या गंभीर हृदय रोग से पीड़ित था। इलाज के लिए दर-दर भटकने के बाद जब प्रशासन ने न सिर्फ आयुष्मान कार्ड बनवाया, बल्कि राशन, आवास और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिलाया, तो पीड़ितों की आंखें नम हो उठीं।जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि वर्ष 2011 की सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना सूची में नाम न होने के कारण जो लोग अब तक योजनाओं से वंचित थे, ऐसे पात्र परिवारों की नियमानुसार जांच कर तत्काल अंत्योदय राशन कार्ड जारी किये जा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य है कि सरकारी योजनाएं केवल आंकड़ों तक सीमित न रहें, बल्कि जरूरतमंद इंसान तक पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समाज के आखिरी व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के विजन को आत्मसात करते हुए जनता दर्शन में यह अनूठी पहल शुरू की गयी है। पिछले तीन महीनों में 90 पात्र लोगों के अंत्योदय और 147 आयुष्मान कार्ड बनवाए गए हैं। जनता दर्शन में जिला अस्पताल के डॉक्टरों की मौजूदगी इस पहल को और प्रभावी बनाती है। मौके पर ही स्वास्थ्य परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाता है कि मरीज को तुरंत इलाज की सुविधा मिले। रामपुर जिलाधिकारी की पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरीब-कल्याण केंद्रित शासन नीति का जीवंत उदाहरण है।

## यूपी पंचायत चुनाव को लेकर युद्धस्तर पर जुटें कार्यकर्ता: सतीश कुमार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। लोक जन समाज पार्टी (भारत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश सरकार के द्वारा अभी तक त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बारे में ना ही कोई जानकारी अपडेट करने का कार्य किया है और इसी क्रम में प्रदेश के तमाम ऐसे पंचायत है जो कि अभी तक अपने पुरे वजट को ही खर्च कर पाए हैं। जबकि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर लोक जन समाज पार्टी (भारत) ने अभी पांच फरवरी को अपने केन्द्रीय कार्यालय लखनऊ में पार्टी के पदाधिकारीयों के साथ बैठक किया था। और सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश कुमार चतुर्वेदी ने कहा था कि पुरे उत्तर प्रदेश में पार्टी पुरे दम खम से चुनाव लड़ेंगी। इसी क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हम लोग त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चालीस प्रतिशत महिलाओं को चुनाव मैदान में प्रत्याशी बनाएंगे। और चुनावी रणनीति के तहत सभी पदाधिकारियों को जी जान से लग कर आम जनमानस तक पार्टी के नितियों को पहुंचाने का कार्य करें। ताकि जिले के सबसे बड़े पद जिला पंचायत अध्यक्ष और जिला पंचायत के कमेटी में हर जगह सिर्फ और सिर्फ लोक जन समाज पार्टी (भारत) के कार्यकर्ताओं का ही सहभागिता दिखाई दें। और अगर पार्टी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अच्छा प्रदर्शन कर लेती है तो हर गांव और गली मुहल्लों में विकास की गंगा बहाने का कार्य होगा।

# एलपीएल ऑक्शन के खिलाफ क्रिकेट खिलाड़ियों का प्रदर्शन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में 7 मार्च से होने वाले लखनऊ प्रीमियर लीग (एलपीएल) के ऑक्शन के बाद लोकल खिलाड़ी विरोध में उतर आए हैं। क्रिकेट प्लेयर एसोसिएशन से जुड़े खिलाड़ियों ने एलपीएल और लखनऊ क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ शनिवार को प्रदर्शन किया। वे क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ (सीएएल) के कार्यालय पर पहुंच गए। प्लेयर्स के सीएएल पहुंचने पर बीबीडी बैडमिंटन एकेडमी का गेट बंद कर दिया गया। खिलाड़ियों ने लखनऊ क्रिकेट एसोसिएशन के हेड नवनीत सहगल और खलीक अहमद के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। उनका कहना है कि एलपीएल में दूसरे जिलों के खिलाड़ियों को मौका दिया गया। एलपीएल लखनऊ के खिलाड़ियों को मौका नहीं मिला जो कि योग्य और मेहनती हैं। खिलाड़ियों को मनाने के लिए लीग के कमिश्नर एसपी मिश्र पहुंचे। उन्होंने बात करने की कोशिश की। इसी दौरान खिलाड़ियों से उनकी कहासुनी शुरू हो गई। इसके बाद कमिश्नर को वहां से जाना पड़ा। इस दौरान उनके पीछे खिलाड़ियों ने मुर्दाबाद के नारे लगाकर सड़क तक भेज दिया। खिलाड़ियों के साथ उनके घरवाले भी प्रदर्शन में पहुंचे। क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ की लीग एबीसी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को लखनऊ प्रीमियर लीग में मौका दिया जाए। लखनऊ प्रीमियर लीग के चयन प्रक्रिया (ऑक्शन) को दोबारा किया जाए। हर फ्रेंचाइजी को 18 से 20 खिलाड़ियों को रखने की अनुमति मिले। दूसरे जिलों के अधिकतम 2 खिलाड़ियों को ही एक टीम में शामिल किया जाए। पिछले 3 साल से क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ की लीग में भाग ले रहे खिलाड़ियों को ही लखनऊ प्रीमियर लीग में खेलने का अधिकार मिले। इसके साथ ही दो ग्रुप और हैं। एक टीम को स्क्वाड में 15 खिलाड़ी रखना होगा। ऑक्शन में खिलाड़ियों की न्यूनतम 5 हजार रुपए से लेकर 1.25 लाख तक की अधिकतम बोली लगेगी। बोली बराबर होने पर व्हील चलाकर टीम का चयन किया जाएगा। लखनऊ क्रिकेट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुजय त्रिपाठी ने बताया आईपीएल और यूपी टी-20 में यूपी से खेलने वाले 6 खिलाड़ी बतौर मार्की प्लेयर लीग में हिस्सा ले रहे हैं। इसमें जीशान अंसारी, नमन तिवारी, अंश यादव, विप्रज निगम, उपेंद्र यादव, कृतज्ञ कुमार सिंह शामिल हैं। इनकी कीमत डेढ़ लाख रुपए है। ये बतौर स्टार प्लेयर टीमों में शामिल होंगे। लखनऊ प्रीमियर लीग के कमिश्नर पूर्व आईएएस एसपी मिश्र ने कहा कि प्रदर्शन कर रहे लोगों ने एलपीएल सेक्रेटरी के नाम पर ज्ञापन सौंपा है।

# सरदार पटेल 150वीं जन्म जयंती समारोह का किया गया आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** शनिवार को स्थानीय गांधी मैदान में मां पूर्णा जन कल्याण सेवा संस्थान द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से सरदार पटेल 150वीं जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि scst आयोग के अध्यक्ष बैज नाथ रावत सदस्य scst आयोग रमेश तूफानी विशिष्ट अतिथियों के द्वारा सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई संस्था प्रबंधक नीरज शुक्ला द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया गया तथा उन्होंने बताया संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार पूरे देश में विशिष्ट जनों कीजन्म शताब्दी का आयोजन कर रही है उनकी जन्म जयंतियां मनाने का काम कर रही है तथा विशिष्ट अतिथि scst आयोग के सदस्य रमेश तूफानी ने कहा सरदार पटेल जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अपना जीवन देश सेवा में दिया तथा आजादी में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया सरदार पटेल का पूरा जीवन हम सभी के लिए आदर्श है मुख्य अतिथि बैद्यनाथ रावत ने कहा कि सरदार जी ने इस देश की आजादी में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया सरदार पटेल ने देश की सभी 527 रियासतों को एक कर संपूर्ण भारत की एकता को बनाए रखने में बहुत ही योगदान दिया उन्होंने अधिवक्ता के रूप में अपने क्रांतिकारी भाइयों के मुकदमे ब्रिटिश अदालतों में निशुल्क लड़े उनकी पैरवी की जिसके कारण क्रांतिकारियों को भी न्याय मिल सका सरदार जी ने संपूर्ण



जीवन देश के नाम कर दिया उनका बलिदान हमेशा इस देश के लोगों के प्रेरणा स्रोत होगा। उन्होंने अपने गृहमंत्री कार्यकाल में आजाद भारत का एक आदर्श प्रस्तुत किया। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन इस समाज और देश के लिए दिया जो कि आज भी प्रासंगिक है उन्होंने देश की एकता के लिए सभी रियासतों को एक कर उनके साथ मिल बैठकर बातचीत कर राष्ट्रीय एकता में अपना योगदान दिया तत्पश्चात विद्यालय में पूर्व में निबंध प्रतियोगिता के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया जिसमें आरआर इंटर कॉलेज जीजीआईसी इंटर कॉलेज और बेनी माधव इंटर कॉलेज के छात्रों की उपस्थिति रही कार्यक्रम में भारत के प्रख्यात निर्माता निर्देशक लेखक राम जी भाई अमित दीक्षित ने अपने साथियों सहित बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी कार्यक्रम में संचालन रजनीश मिश्रा ने किया कार्यक्रम में अधिवक्ता साथी सत्येंद्र मिश्रा नीरज तिवारी अतुल चतुर्वेदी आदि ने अपना योगदान दिया तथा उत्कृष्ट विद्यालय को भी पुरस्कृत गया किया गया। संस्था प्रमुख नीरज शुक्ला द्वारा आभार व्यक्त किया गया कार्यक्रम में प्रज्ञा रेखा महिमा विशाल आदि संस्था कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक ने भूमिपूजन शिलान्यास कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**सवायजपुर ( हरदोई )।** विधानसभा क्षेत्र से विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह 'रानू' ने भरखनी ब्लाक मुख्यालय पर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर नवीन भवन के पुनर्निर्माण कार्य के भूमिपूजन शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विधिवत पूजन अर्चन कर शुभारम्भ किया।



इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० भाव नाथ पाण्डेय, चिकित्सा प्रभारी पाली डॉ० आनन्द शुक्ला, ब्लाक प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह सेनानी, मण्डल अध्यक्ष राकेश रंजन त्रिवेदी, रोहित सिंह प्रधान सुवोध वाजपेई सहित क्षेत्रीय गणमान्यजनों में डॉ० राजरूप राजपूत, ऐलान सिंह चौहान, गौरव दीक्षित, सत्यपाल चौहान, कन्हैयालाल शर्मा, सहित अन्य प्रमुख सम्मानित जन उपस्थित रहें।

## सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करायें: अनुनय झा



शिकायत सुनते डीएम अनुनय झा, एसपी अशोक कुमार मीणा

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )।** तहसील शाहाबाद सभागार में आहूत सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अनुनय झा ने उपस्थित जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि भारत एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करायें और प्रत्येक दिन कार्यालय में प्रात: 10 से 12 बजे के बीच रहकर विभागीय शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय में निष्पक्ष तथा गुणवत्ता पूर्ण करायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों एवं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने सभी कानूनगों एवं लेखपालों को निर्देश दिये सभी तरह की भूमि पर किये गये अवैध कब्जों को चिन्हित करें और अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस के सहयोग से गरीबों की एवं सरकारी भूमि कब्जा मुक्त करायें और कब्जा करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। विद्युत विभाग की शिकायतों के संबंध में डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि खराब ट्रांस्फारमर एवं जर्जर विद्युत लाईने तत्काल ठीक करायें और नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार बिजली की आपूर्ति करायें तथा विद्युत उपभोक्ताओं की बिल आदि तरह की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करायें। पेंशन की शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन निराश्रितए वृद्व एवं दिव्यांगजन की पेंशन किसी कारण बंद हो गयी उसकी जांच करायें और पात्र लोगों की पेंशन बहाल कराने के साथ नये पेंशन आवेदन पत्रों के संबंध में शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करें। राशन वितरण में अनियमिताओं की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षकों से संबंधित राशन दुकानों की जांच करायें और शिकायत सही पाये जाने पर संबंधित कोटेदार के विरूद्ध कार्यवाही करें। अन्य विभागों की प्राप्त शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय हो और निस्तारण की जानकारी शिकायतकर्ता को भी उपलब्ध करायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने उपस्थित थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनायें रखने के लिए आराजक व आसामाजिक तत्वों, दबंग एवं अपराधी प्रवृत्ति के लोगों नजर रखें और ग्रामीण क्षेत्रों की गतिविधियों की जानकारी गांव के चौकीदार एवं बीट सिपाहियों से प्रतिदिन लें तथा अवैध कब्जा वाली भूमि खाली कराने में समन्वय बनाकर राजस्व टीम सहयोग करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 भावनाथ पाण्डे, उप जिलाधिकारी शाहाबाद, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, बीडीओं, सीडीपीओ, सीओ, थानाध्यक्ष तथा फरियादी आदि उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस उपरान्त जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पाली रोड पर बन रहे बारात घर व शाहाबाद में बन रहे रोडवेज बस स्टैंड का औचक निरीक्षण किया, तथा कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## खेलो इंडिया के तहत एमएलसी के पैतृक गाँव में स्टेडियम की माँग

■ ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को मिलेगा मौका

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**कछौना ( हरदोई )।** सरकार ने प्रत्येक गाँव ब्लाक में खेल का मैदान व स्टेडियम बनवाने का निर्णय लिया है। स्टेडियम बनने से ग्रामीण अंचल के बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। इसी क्रम में स्नातक विधान परिषद सदस्य लखनऊ खंड इंजीण् अवनीश कुमार सिंह ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के पैतृक गाँव तेरवा दहिगवां में भारत सरकार के मंत्री युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय मनसुख मांडविया से भेंट कर स्टेडियम निर्माण की मांग की है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं के अंदर छिपी खेल कूद प्रतिभाओं को निखारने का मंच मिलेगा। सरकार खेलो इंडिया के तहत खेल कूद की गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है क्योंकि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। ज़ब देश का प्रत्येक नागरिक स्वास्थ्य होगा, तभी देश मजबूत व समृद्ध होगा। उन्होंने बताया ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं हैए लेकिन संसाधनों और सुविधाओं के अभाव में युवाओं अपनी प्रतिभा को निखारने का मंच नहीं मिल पाता है। खेलो इंडिया के तहत डबल इंजन की सरकार खेल गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है। खेलों से न केवल शारीरिक और मानसिक विकास होता है बल्कि पारंपरिक खेलों को बढ़ावा भी मिलता है। आधुनिक स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के युवाओं में खुशी की लहर है। वही खेल प्रेमियों का कहना है गौसगंज के पीबीआर इंटर कॉलेज के प्रांगण में एक दशक पूर्व बना लाखों रुपए का स्टेडियम जर्जर अवस्था में है, जो अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। लाखों रुपए की कीमत का भवन व प्रांगण उपेक्षा का शिकार है। इसे कायाकल्प के लिए जनप्रतिनिधि गण कदम उठाते तब युवाओं के लिए एक अच्छा संदेश जाता। आखिर एक दशक से अनुप्रयोगी पड़ा स्टेडियम के कायाकल्प की जनप्रतिनिधियों ने क्यों सुध नहीं ली है। यदि जनप्रतिनिधि जर्जर पड़े स्टेडियम के जीर्णोद्धार व रखरखाव में रुचि दिखाते तो इस क्षेत्र के युवाओं को खेलकूद गतिविधियों से वंचित नहीं होना पड़ता!

## तीन माह में गुमशुदा मोबाइल बरामद, मोबाइल पाकर चेहरे खुशी से खिले

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** जनपद हरदोई की सर्विलांस सेल ने आधुनिक



तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए सीईआईआर (CEIR) पोर्टल के माध्यम से विगत तीन माह में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुमशुदा हुए कुल 125 मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे गए। लंबे समय से अपने मोबाइल की तलाश कर रहे लोगों को जब उनके फोन वापस मिले तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। मोबाइल प्राप्त करने वाले आवेदकों ने हरदोई पुलिस की तेज़ कार्यशैलीए तकनीकी दक्षता और जनसेवा भाव की सराहना की। सर्विलांस सेल की यह कार्रवाई इस बात का प्रमाण है कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से पुलिस न सिर्फअपराधों पर अंकुश लगा रही है, बल्कि आम नागरिकों को उनकी खोई हुई संपत्ति वापस दिलाने में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। यह उपलब्धि हरदोई पुलिस की सजगताए प्रतिबद्धता और नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण मानी जा रही।

## सभी स्नातक युवा अपने वोट जरूर बनवाएं: बब्बू



**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** समाजवादी पार्टी की पूर्व विधान परिषद सदस्य स्नातक कांती सिंह ने शनिबार को कस्बे के खेड़ा बलाई कोट स्थित पूर्व विधायक आसिफ खाँ बब्बू के आवास पर पहुंचकर अपने लिए आने वाले स्नातक विधान परिषद चुनाव में समर्थन की अपील की। उसके बाद कस्बे के कैरियर पब्लिक स्कूल पहुंच कर समर्थन करने की अपील की। उनके साथ समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह जीतू उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक आसिफ खाँ बब्बू ने कहा सभी युवा अपना वोट अवश्य बनवा ले। जिन स्नातक युवाओं का वोट नहीं बन सका है वे सभी लोग अपना वोट बनवा ले। ताकि लखनऊ खंड स्नातक के चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर सकें। प्रत्याशी काँती सिंह ने कहा हर जिले में विकास, शिक्षा, रोजगार, युवाओं की भागीदारी और पारदर्शी व्यवस्था को प्राथमिकता दी। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रतापगढ़ से डॉ० एस.पी. सिंह की ऐतिहासिक विजय के पीछे भी जागरूक स्नातकों की सक्रिय भूमिका थी। वर्ष 2026 में लखनऊ खंड स्नातक निर्वाचन का चुनाव में सातों जिलों के पुराने साथियों की मांग पर वह चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने बताया इस बार विजई होने के बाद स्नातकों की समस्याओं के निदान हेतु सशक्त कार्य किये जायेंगे। शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन व्यवस्था के लिए संघर्ष किया जायेगा। शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, वित्तविहीन शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सरकार की ओर से उचित मानदेय दिलवाया जायेगा। अन्वेषण-नवाचार और तकनीकी उपक्रमों को दूर-दराज के गाँवों तक पहुँचाकर शिक्षित बेरोजगारों के लिए कॅरियर काउन्सिलिंग के छेत्र में कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर कैरियर स्कूल के प्रबंधक् डॉ० सलीम सिद्दीकी, प्रधानाचार्य प्रियंका गुप्ता, स्नातक परवीन खान, दीप्ती त्रिवेदी, रितेश कुशवाहा, शिवांशू गुप्ता, वरिष्ठ सभासद अजहर मसूद खाँ बबलू सहित स्नातक मतदाता और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## मुठभेड़ में पशु तस्कर हुआ घायल, गिरफ्तार
## मुठभेड़ में एक आरक्षी भी हुआ घायल

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** सवायाजपुर पुलिस ने जनपद में हो पशु चोरी की घटनाओं में लिप्त एक शातिर पशु तस्कर को शुक्रवार की रात मुखबिर की सुचना पर घर कर मुठभेड़ में घ्यायल कर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से पुलिस ने नगदी एक तमंचा और बाइक बरामद की है। गिरफ्तार घायल आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

प्राप्त विवरण में 3 फरवरी को मुकेश पुत्र लालाराम और सूरज पुत्र पहलवान निवासी ग्राम पदमलापुर सद्वारा थाना सवायजपुर पर तहरीर दी गयी कि अज्ञात चोर द्वारा उसके घर पर बंधी भैंस चोरी कर ली गयी । इस संबंध में थाना सवायजपुर पर अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा उपरोक्त भैंस चोरी की घटना के शीघ्र सफल अनावरण हेतु टीम गठित कर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग हेतु लगाया गया। जनपद में अपराध की रोकथाम व चोरी की घटनाओं में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सवायजपुर पुलिस उपरोक्त भैंस चोरी की घटना से संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयासरत थी। मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि उपरोक्त भैंस चोरी की घटना से संबंधित वांछित अभियुक्त मोटरसाइकिल पर शाहजहांपुर से सवायजपुर की तरफ आ रहा है। इस सूचना पर पुलिस द्वारा घेराबंदी की गयी, जहां पर एक मोटरसाइकिल आती दिखाई दीए जिसको पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो मोटरसाइकिल चालक द्वारा मोटरसाइकिल को गंगा एक्सप्रेस-वे की तरफ मोडकर भगाने का प्रयास किया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर गंगा एक्सप्रेस.वे की सर्विस लैन पर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति द्वारा खुद को घिरा देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग की गयी। जिसमें मोटरसाइकिल सवार अनीस पुत्र लतीफ निवासी ग्राम खैरपुर थाना कटरा जनपद शाहजहांपुर पैर में गोली लगने से घायल हो गया, इस दौरान थाना सवायजपुर पर तैनात आरक्षी संजय मौर्य भी घायल हो गए। घायल आरोपी के कब्जे से 4200 रुपये नगदीए एक मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, 01 तमंचा 12 बोर, 01 जिंदा कारतूस एवं 02 खोखा कारतूस बरामद किये गए। घायल अभियुक्त व पुलिसकर्मी को उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी शातिर पशु तस्कर है जोकि दिन के समय पशुओं की रैकी कर रात्रि के समय पशु चोरी की घटना कारित करता था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विभिन्न जनपदों में गोवध अधिनियम व गैंगस्टर एक्ट के अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सावायजपुर के थाना प्रभारी प्रिंस कुमार, उ0नि0 शिवशंकर मिश्रा, राकेश कुमार, अशोक कुमार, हे0का0 बृजभान यादव, मनोज कुमार, का0 संजय मौर्य, आसुतोष गुप्ता शामिल रहे।

## तेज रफ़्तार डम्पर की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों की मौत

■ बहन को सी टीईटी की परीक्षा दिलवाने मौसी के साथ बाइक से जा रहा था युवक

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** सुरसा थाना छेत्र के फर्मपुरवा के निकट शनिवार को सुबह तेज रफ़्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो गयी। सुचना पर पहुंची पुलिस ने तीनो मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।बहन को मौसी के साथ सी टेट की परीक्षा दिलवाने भाई बाइक से हरदोई जा रहा था। सूचना पर मृतकों के घर में कोहराम मचा है। प्राप्त विवरण में सुरसा थाना छेत्र के ग्राम फतिहापुर निवासी अरविन्द अवस्थी का 28 वर्षीय पुत्र आदर्श अवस्थी अपनी 23 वर्षीय बहन मधू अवस्थी को शनिबार की सुबह सी टीईटी की परीक्षा दिलवाने बाइक से हरदोई जा रहा था।कोतवाली शहर के मोहल्ला बावन चुंगी निवासी आदर्श की मौसी कामनी पाण्डेय पत्नी शिवाकांत पाण्डेय फातिहा पुर में ही थी। वह भी आदर्श के साथ हरदोई अपने घर जा रही थी। तीनों एक बाइक पर सवार थे। सुबह करीब ०7:30 बजे बिलग्राम रोड पर ग्राम डुरिया के मजरा फार्मपुरवा के निकट हरदोई से बिलग्राम की ओर जा रहे तेज रफ़्तार डंपर के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। लोगों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों लोग उछल कर दूर जा गिरे। सुचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों गंभीर घायलो को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल हरदोई भिजवाया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने तीनों के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।पुलिस के अनुसार डंपर को कब्जे में ले लिया गया है। चालक मौका पाकर घटना स्थल से भाग गया।

## लिफ्ट देकर रूपए लूटने की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

राष्ट्रीय प्रस्तावना



नगदी, मोबाइल और घटना में प्रयुक्त कार बरामद फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )।** शाहजहांपुर से शाहाबाद आ रहे दो मजदूरों को लिफ्ट देकर कार में बैठाकर तमंचे के बल पर रूपए मोबाइल और बैग लूटने की घटना का शाहाबाद पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को छीनी गयी नगदी, मोबाइल और घटना में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

प्राप्त विवरण में 03 फरवरी को सत्यपाल सिंह पुत्र रुपलाल निवासी ग्राम गाजियापुर थाना पाली द्वारा थाना शाहाबाद पर तहरीर दी गयी कि 2 फरवरी की रात्रि मे वह व उसका मित्र संजीव शाहजहांपुर से शाहाबाद आने के लिए हरदोई बाइपास शाहजहांपुर में खडे थेए तभी एक कार में सवार तीन व्यक्तियों ने उनको शाहाबाद तक छोडने के बहाने कार में बैठा लिया। कुछ दूर चलने के उपरान्त कार सवार व्यक्तियों द्वारा तमंचा दिखाकर उन दोनों से 10,500 रुपए, दो मोबाइल छीन लिए और उधरनपुर ओव्रब्रिज के पास हरई रोड पर गाडी से उतार दिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी। पुलिस द्वारा प्रकाश में आये फहीम पुत्र नसीम, मोहम्मद अनीस पुत्र सद्दीक और इबरार पुत्र मुन्ने निवासीगण मोहल्ला गयासपुर कस्बा व थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत को 03 मोबाइल फोन, 14200 रुपये नगदी व घटना में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम को गिरफ्तार आरोपियों ने बताया वह लोग किराये पर गाड़ी लेकर गाड़ी में सवारी को बैठाते थे, जिसके उपरांत एकान्त स्थान पर ले जाकर तमंचा दिखाकर उनसे रुपये व मोबाइल फोन छीन लेते थे तथा सवारी को रास्ते में छोड़कर भाग जाते थे।उनके कब्जे से छीने गए 02 मोबाइल फोन व 7000 रुपये नगदी बरामद की गयी है। शेष मोबाइल फोन व नगदी के संबंध में जानकारी की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शाहाबाद कोतवाली के प्रभारी जीतेन्द्र प्रताप सिंह, उ0नि0 अनिल कुमार, हरदीप कुमार, का0 कंचन, अमरजीत यादव, मनोज गौड़, मंगेश प्रजापति शामिल रहे।

## महिला को बुरी नीयत से पकड़ा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** शराब के नशे में घर में घुसकर महिला का बुरी नीयत से हाथ पकड़ने के आरोप में छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला के अनुसार गुरुवार को शाम ०5,30 बजे वह घर पर अकेली थी उसी समय अंकित पुत्र अवधेश सिंह बरखेड़ा बदरुद्दीनपुर शराब के नशे में आया और बुरी नजर से उसका हाथ पकड़ लिया। वह हाथ छुड़ाकर पड़ोस में अपने दादा के यहां भाग गई। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## विमलेश बने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, बलराम दीक्षित महा मंत्री निर्वाचित

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** तहसील शाहाबाद में शनिवार को सम्पन्न हुए बार एसोसिएशन के चुनाव में विमलेश लोधी अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। महामंत्री का ताज बलराम दीक्षित के सिर बंधा है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरिन्द्र कुमार मिश्रा और कोषाध्यक्ष पद पर हसनैन वारसी निर्वाचित घोषित किये गए।तहसील शाहाबाद में संपन्न हुए बार एसोसिएशन के चुनाव में शनिबार को सुबह दस बजे से मतदान शुरू हुआ। मतपत्रों की गिनती के बाद चुनावी परिणाम शाम को 4ण30 बजे घोषित किया गया।जिसमे अध्यक्ष पद पर विमलेश सिंह लोधी को कुल पड़े मतों में 98 मत प्राप्त हुए। उन्हें ग्यारह वोट से विजयी घोषित किया गया। उनके प्रतिद्वंदी उमेश कुमार को 87 वोट पाकर संतोष करना पड़ा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर गिरिन्द्र कुमार मिश्रा को 83 मत मिलने पर 12 वोट से विजयी घोषित किया गया। खुरशीद अली खाँ 71 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। संत कुमार सिंह को 31मत पाकर संतोष करना पड़ा।महामन्त्री पद पर बलराम दीक्षित को 96 मत मिलने पर 7 वोट से विजयी घोषित किया गया। उनके प्रतिद्वंदी अनिल कुमार शुक्ला को 89 वोटों से संतोष करना पड़ा। कोषाध्यक्ष पद पर हसनैन वारसी को 31 वोटों से विजयी घोषित किया गया। प्रमोद कुमार को 77 वोट पाकर दूसरा स्थान मिला। विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

## राज्याभिषेक की तैयारी का हुआ मंचन

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** भगवान श्री रामचंद्र के चरित्र में वृंदावन से आए हुए सुन्दर कलाकारों द्वारा राज्याभिषेक की तैयारी की गई एक बार महाराज दशरथ के कान के समीप श्वेत बाल उत्पन्न हो गया तो आज हृदय में भाव जगा की राम को राजा बना दें गुरुदेव से जाकर निवेदन किया गुरुदेव ने आज्ञा दी की राम को कल राजतिलक किया जाएगा सारे नगर में तैयारी होने लगी देवताओं को अच्छा नहीं लगा! देवी शारदा से प्रार्थना की और शारदा भी मंथरा की मति पर विराजमान हुई और मंथरा रानी कैकई के पास जाकर मति फेरने लगी रोने लगी धीरे.धीरे रानी कैकेई भी उनकी बातों में



आने लगीएऔर कहा रानी तू दासी चाहती क्या है तब कहा भरत ही राजा बने और बनेगा कैसे याद दिलाने लगी की ! **दो वरदान भूप सन थाती, मगहु आज जुड़ाबहू छाती!** देवासुर संग्राम के दो वरदान महाराज दशरथ पर तुम्हारे हैं, आज उनको मांग लो पहले वरदान में भरत को राज्य और दूसरे वरदान में राम जी को वनवास रानी कैकेई बात मानकर कोप भवन में चली गई! यह दृश्य देख सभी भक्त बड़े भाव विभोर हुए! मुख्य आयोजक-राम प्रकाश शुक्ला, श्रीकृष्ण अवतार दीक्षित, अमलेन्द्र नाथ मिश्रा, संजीव कुमार श्रीवास्तव, उमेश चंद्र मिश्रा राजेंद्र त्रिवेदी रजनीश श्रीवास्तव, प्रेम शंकर द्विवेदी, अशोक शुक्ला, विनीत मिश्रा, त्रिलोकी नाथ, प्रमोद मिश्रा, मुनेन्द्र सिंह सहित सैकड़ो गणमान्य नागरिक व महिलाएं उपस्थित रही!

## महालक्ष्मी माता मूर्ति स्थापना की छठवीं वर्षगांठ पर हुआ हवन पूजन व प्रसाद वितरण

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**मल्लावाँ ( हरदोई )।** 7 फरवरी मल्लावां से मात्र तीन किलोमीटर हरदोई रोड पर मोहद्दीनपुर नई बस्ती के विख्यात इटिया देवी सर्री बाबा देवधाम के प्रांगण में स्थित महालक्ष्मी माता मूर्ति स्थापना की छठवीं वर्षगांठ पर हवन पूजन के साथ बूंदी प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आपको बता दें कि मां महालक्ष्मी जी की दिव्य मूर्ति स्थापना व लोकार्पण कार्यक्रम 7 फरवरी 2019 को सम्पन्न हुआ था। मां लक्ष्मी जी मूर्ति स्थापना की छठवीं वर्षगांठ के स्मृति दिवस पर पं अंजनी शास्त्री ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण से भिठाई निवासी गंगाराम आर्य व उनकी धर्मपत्नी गुड्डी देवी से विधि-विधान पूर्वक पूजन अर्चन करवाया। इसी श्रृंखला में उन्होंने संगीत कुमार के अलावा पुजारी राजेन्द्र प्रसाद, रामदास वर्मा सिद्धनाथ, गोपीचरन, कुसुमा से विश्व कल्याण की कामना के निमित्त हवनकुंड में आहुतियां डलवाई। इस दौरान उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को बुराईयों से दूर रहने के प्रति इंगित करते हुए प्रत्येक से एक-एक अवगुण त्यागने का संकल्प कराया।और एक दूसरे से ईर्ष्या, नफरत, भेदभाव को त्याग कर सर्व के प्रति सच्ची सहानुभूति रखने पर जोर दिया। महालक्ष्मी माता के दिव्य रूप व चमत्कारी शक्तियों से प्रेरित सच्ची भक्तिभावना व अटूट आस्था से जुड़े रामदास वर्मा, सिद्धनाथ वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद, रामशंकर, संतराम, संदीप कुमार, सौरभ कुमार, गोपीचरन कनौजिया, सुखबासी लाल, संगीत कुमार, शैलेन्द्र कुमार कुसुमा, शालूरानी आदि तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रामनरेश आर्य ने सभी के सुख समृद्धि स्वस्थ निरोगी एवं खुशहाल जीवन की कामना करते हुए राहगीरों व श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया और महालक्ष्मी माता के दरबार में मत्था टेककर अर्जी लगाते हुए क्षेत्र में सुख शान्ति समृद्धि खुशहाली व अमन-चैनगी के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर रामनरेश आर्य ने पं अंजनी शास्त्री एवं समाजसेवी रामदास वर्मा को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## शराब पीकर ग्रामीण की पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** अहेमी गांव में एक शराबी ने शराब के नशे में दरवाजे पर जाकर ग्रामीण को गाली गलौज किया। विरोध करने पर शराबी ने डंडे से हमला कर घायल कर दिया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम अहेमी निवासी अंशुल पुत्र धर्मेंद्र के अनुसार शुक्रवार को रात्रि ०8:00 बजे गांव का हरिओम पुत्र उदय प्रताप शराब के नशे में आया और उसके दरवाजे पर आकर पिता धर्मेंद्र को गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर हरिओम ने डंडे से हमला कर दिया जिससे पिता को काफी चोटे आईं । घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया।

## चुनौतियों का जवाब देने वाला बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट भारत के सभी समूहों की आकांक्षाओं, आंतरिक व बाह्य चुनौतियों व आवश्यकताओं, राजनीतिक मांग एवं नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा देश के घोषित आर्थिक विकास लक्ष्यों की कसौटी पर खरा है या नहीं? पिछले कुछ समय से उत्पन्न वैश्विक उथल-पुथल में भारत को अपनी विकास गति बनाए रखने के साथ नई वैश्विक सांझेदारी, निर्यात बाजार आदि विकसित करने तथा घरेलू उत्पादकों को नीतियों और प्रोत्साहन से समर्थन देने की चुनौती है। बजट में कोई लोक लुभावन घोषणा नहीं, पूरा फोकस इस बात पर कि इस उथल-पुथल और अनिश्चितताओं के दौर में देश की अर्थव्यवस्था सुरक्षित, मजबूत और स्थिर होने के साथ विस्तारित भी हो, विश्व व्यापार के अनुरूप पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण उत्पादन हो, किशोर और युवा वर्ग को भारत राष्ट्र के लक्ष्य और रोजगार दिलाने के अनुरूप शिक्षा, रोजगार के अवसर उपलब्ध हो। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में 3 कर्त्तव्य के नाम पर लक्ष्य और बजट की सैद्धांतिक आधारभूमि स्पष्ट कर दी। पहला, उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने तथा वैश्विक उथल-पुथल के परिदृश्य में लचीलापन लाकर आर्थिक विकास को तेज करना और उसकी गति बनाए रखना। दूसरा, भारत की समृद्धि के पथ में सशक्त सांझेदार बनाने के लिए लोगों की आकांक्षाएं पूरी करना और उनकी क्षमता बढ़ाना तथा तीसरा, सरकार की सबका साथ, सबका विकास के दृष्टिकोण के अनुकूल, यह सुनिश्चित करना कि सार्थक भागीदारी के लिए प्रत्येक परिवार, समुदाय और क्षेत्र को संसाधनों, सुविधाओं और अवसरों तक पहुंच उपलब्ध हो। वित्त मंत्री ने आर्थिक विकास में तेजी लाने के लिए निम्न क्षेत्रों में पहल शुरू करने का प्रस्ताव रखा। एक, रणनीतिक और अग्रणी क्षेत्रों में विनिर्माण को तेज करना। दो, विरासत के औद्योगिक क्षेत्रों का कायाकल्प करना। तीन, चैम्पियन एम.एस.एम.ई. का निर्माण करना। चार, आधारभूत संरचना का सशक्त प्रोत्साहन प्रदान करना। पांच, दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित करना तथा छह, शहरों में आर्थिक क्षेत्र विकसित करना। तमाम उथल-पुथल के बीच नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा घोषित लक्ष्यों के अनुरूप राजकोषीय घाटा 4.4 प्रतिशत तक सीमित रखना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इसीलिए इस वर्ष के लिए 4.3 प्रतिशत का लक्ष्य है। पूंजीगत खर्च, जो आधारभूत संरचना पर खर्च होता है, के लिए 12 लाख 20 करोड़ का आबंटन सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करता है। यह कुल बजट का लगभग 23 प्रतिशत है। विनिर्माण, सेवा और कृषि हमारी अर्थव्यवस्था और विकास के मूलाधार हैं। कुशल और दक्ष युवा वर्ग तैयार करना भारत का बड़ा लक्ष्य है, क्योंकि जब हम अन्य देशों से मोबिलिटी समझौता करते हैं तो काम करने वालों के क्षेत्र का भौगोलिक विस्तार हो जाता है। 2047 तक भारत का सेवा क्षेत्र में वैश्विक हिस्सा 10 प्रतिशत तक ले जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निश्चित है। वैश्विक बायोफॉर्मा निर्माण केन्द्र के रूप में भारत को विकसित करने के लिए कुल 10,000 करोड़ रुपए से बायोफॉर्मा शक्ति की शुरुआत हो रही है जो बायोलॉजिक और बायोसिमिलरों के घरेलू उत्पादन के लिए अगले पांच वर्षों में ईको-सिस्टम का निर्माण करेगी। सैमीकंडक्टर और ए.आई. क्षेत्र में देर से आने के बावजूद अग्रणी देश बनने की दृष्टि से महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं। विश्व में प्रतिस्पर्धा के अनुरूप टिकाऊ वस्त्र और परिधानों को बढ़ावा देने के लिए उद्योग जगत और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से वस्त्र कौशल ईको-सिस्टम के आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए समर्थ 2.0 कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है। रेशम, ऊन और जूट जैसे प्राकृतिक फाइबर, मानव निर्मित फाइबर और नए युग के फाइबरों में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्रीय फाइबर योजना है तो मशीनरी, प्रौद्योगिकी उन्नयन, परीक्षण एवं प्रमाणन केन्द्रों के लिए पूंजीगत सहायता के साथ पारम्परिक क्लस्टरों के आधुनिकीकरण के लिए वस्त्र विस्तार एवं रोजगार योजना। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को 10,000 करोड़ की विकास निधि का प्रस्ताव है, ताकि भविष्य के चैम्पियनों का निर्माण किया जा सके और निर्धारित विशेषताओं के आधार पर उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जा सके। पर्यावरण रूप से टिकाऊ आवाजाही को बढ़ावा देने के लिए पूर्वी भारत में डानकुनी से पश्चिमी भारत के सूरत को जोडने के लिए नए समघ्पत माल गलियारे, 5 वर्षों में 20 नए राष्ट्रीय जलमार्गों (एन.डब्ल्यू.) का संचालन, जलमार्गों और तटीय पोत परिवहन की हिस्सेदारी 6 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2047 तक 12 प्रतिशत करने के लिए तटीय कार्गोनन, सात उच्च-गति रेल कॉरीडोर विकसित करना, सी-प्लेन के स्वदेशी निर्माण के लिए प्रोत्साहन के लिए योजना आदि प्रमुख हैं। इनके साकार होने के बाद कल्पना करिए कि भारत विश्व स्तरीय यातायात में कहां खड़ा होगा।

**बजट में कोई लोक लुभावन घोषणा नहीं, पूरा फोकस इस बात पर कि इस उथल-पुथल और अनिश्चितताओं के दौर में देश की अर्थव्यवस्था सुरक्षित, मजबूत और स्थिर होने के साथ विस्तारित भी हो, विश्व व्यापार के अनुरूप पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण उत्पादन हो, किशोर और युवा वर्ग को भारत राष्ट्र के लक्ष्य और रोजगार दिलाने के अनुरूप शिक्षा, रोजगार के अवसर उपलब्ध हों। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में 3 कर्त्तव्य के नाम पर लक्ष्य और बजट की सैद्धांतिक आधारभूमि स्पष्ट कर दी।**

# भारत टैक्सी का भविष्य

गौरव अवस्थी

**भारत टैक्सी बहु-राज्य सहकारी समितियां अधिनियम, 2002 के अंतर्गत पंजीकृत भारत का पहला सहकारिता-नेतृत्व वाला राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म है। इसकी स्थापना 6 जून 2025 को की गई। दावा है कि अपनी स्थापना के बाद से भारत टैक्सी दुनिया का पहला और सबसे बड़ा सहकारिता-आधारित राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म तथा विश्व का सबसे बड़ा ड्राइवर-स्वामित्व वाला मोबिलिटी प्लेटफॉर्म बनकर उभरा है।**

दिल्ली एनसीआर और गुजरात में दो महीने के सफल ट्रायल के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने सहकारिता क्षेत्र की 8 बड़ी संस्थाओं के संयुक्त उपक्रम के रूप में सहकारिता आधारित टैक्सी सर्विस 'भारत टैक्सी' को आधिकारिक रूप से कल नई दिल्ली में लॉन्च कर दिया। दो साल में इस सेवा को पूरे देश में लागू करने का भी ऐलान हुआ है। भारत टैक्सी बहु-राज्य सहकारी समितियां अधिनियम, 2002 के अंतर्गत पंजीकृत भारत का पहला सहकारिता-नेतृत्व वाला राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म है। इसकी स्थापना 6 जून 2025 को की गई। दावा है कि अपनी स्थापना के बाद से भारत टैक्सी दुनिया का पहला और सबसे बड़ा सहकारिता-आधारित राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म तथा विश्व का सबसे बड़ा ड्राइवर-स्वामित्व वाला मोबिलिटी प्लेटफॉर्म बनकर उभरा है। अब तक लगभग चार लाख ड्राइवर भारत टैक्सी प्लेटफॉर्म से जुड़ चुके हैं और दस लाख से अधिक उपयोगकर्ता पंजीकृत हो चुके हैं। लगभग 10 करोड़ की राशि अब तक सीधे ड्राइवरों में वितरित की जा चुकी है। सहकारिता क्षेत्र की संस्थाओं का सर्विस सेक्टर में उतरना स्वागत योग्य कदम माना जाना चाहिए लेकिन 'सरकारी दखल' और 'सरकारी बैसाखी' सहकारिता आधारित इस सेवा को भी कहीं अन्य सेवाओं की तरह प्रभावित न करे, इसके पुख्ता प्रबंध शुरुआती चरण से ही सुनिश्चित किए जाने जरूरी हैं। यह बात इसलिए कि भारत टैक्सी सेवा को ओला, उबर एवं रैपीडो जैसी प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों से टक्कर लेनी है और बेहतर सेवा देते हुए उपभोक्ता का भरोसा भी अर्जित करना है। निजी क्षेत्र की कंपनियां जब सेवा या किसी भी क्षेत्र में अपनी सेवा या उत्पाद लेकर उतरती हैं तो मजबूत नेटवर्क का निर्माण अपनी लुभावनी योजनाओं के माध्यम से करती हैं। जैसे, राइड सर्विस को ही लें तो (जैसा-एक कैब ओनर ने बताया) ओला ने भारत में अपनी लॉन्चिंग के प्रारंभिक चरण में कैब मालिकों को 1 दिन में पांच राइड पर 1500 रुपये का अतिरिक्त बोनस देना शुरू किया। इस लालच में कैब मालिक ऑनलाइन राइड सर्विस से जुड़ते चले गए और भारत भर में इस सेवा का विस्तार होता गया। आज छोटे शहरों में भी बाइक राइड सर्विस मिलने लगी है। हालांकि अब बोनस बंद और कमीशन भी 15-20 फीसदी है लेकिन राइड बढ़ीं हैं। रेट कंपटीशन का असर कैबवालों की इनकम पर पड़ा है। निजी क्षेत्र की कंपनियों की बढ़ती उपलब्धियों को देखते हुए ही प्रधानमंत्री मोदी के 'सहकार से समृद्धि' मंत्र को आत्मसात करते हुए सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस क्षेत्र में 'सहकारी सेवा' शुरू कराई है। इसे एक अच्छा कदम माना जाना चाहिए लेकिन सरकार को 'बैसाखी' के बजाय सहकारी संस्थाओं को अपने दम पर इस सेवा को स्थापित करने का अवसर देना चाहिए। यह बात इसलिए कि बैसाखी चलने की हिम्मत तो देती है लेकिन 'सहारे' की गलत आदत भी डेवलप कर सकती है। ट्रायल पीरियड में ही भारत टैक्सी को बैसाखी थमा देने को किस रूप में देखा जाए, आप ही तय करें। उदाहरण के लिए यहां एक 'ग्राहक' के रूप में अपनी आपबीती बताना जरूरी है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश का सबसे व्यस्ततम हवाई अड्डा है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से हजारों लोगों की रोज आवाजाही होती है। भारत टैक्सी सर्विस को सफल बनाने के लिए सरकार ने जानबूझकर आईजीआई एयरपोर्ट पर ओला-उबर-रैपीडो के पिकअप पॉइंट कुछ दूर बनवा दिए ताकि ग्राहक भारत टैक्सी राइड लेने को मजबूर हो। ट्रायल के दौरान ही भारत के इस सबसे व्यस्ततम हवाई अड्डे पर सरकार की तरफ से बैसाखी के रूप में एयरपोर्ट के बाहर टैक्सी की सुविधा दिल्ली पुलिस से लेकर भारत टैक्सी को दे दी गई। इसके पीछे शायद सोच यही होगी कि पिकअप पॉइंट दूर होगा तो मजबूर होकर लोग भारत टैक्सी का सहारा लेंगे और ऐसा हो भी रहा। आमतौर पर ऑनलाइन राइड बुक करने के अधिकतम पांच मिनट में टैक्सी पिकअप पॉइंट पर पहुंच जाती थी लेकिन भारत टैक्सी सर्विस लॉन्च होने के बाद ऐसा नहीं है। एयरपोर्ट के बाहर अब ओला, उबर और रैपीडो की बुकिंग पर टैक्सी में औसत 20 से 25 मिनट लग रहे हैं। कभी-कभी तो जाम की समस्या बता कर निजी कंपनियां ग्राहक को तीन-चार सौ मीटर आगे धौलाकुआं चौराहे तक सामान लेकर आने को कहती हैं। अब आप समझ सकते हैं कि लगेज के साथ इतनी दूर कौन पैदल जाएगा? मेरी समझ में ऐसा सिर्फ इसलिए कि उपभोक्ता मजबूर होकर भारत टैक्सी बुक कराए। उपभोक्ता को ट्रायल पीरियड में ही मजबूर करना कहीं से भी सही नहीं माना जा सकता। यह इसका एक पहलू है। दूसरा पहलू भी काबिलेगौर है। अभी हाल में ही एयरपोर्ट से गुरुग्राम के लिए उबर ऐप पर टैक्सी बुक करने के दौरान 650 रुपए किराया शो कर रहा था लेकिन भारत टैक्सी ने उसी डेस्टिनेशन का 900 रुपये चार्ज किया। खेल इसी बढ़े हुए किराए का है। मौज सहकारिता की और भरण उपभोक्ता-सारथी दोनों का। नई दिल्ली में लांचिंग के दौरान यह दावा किया गया कि सारथी से मालिक से कमीशन नहीं कटेगा लेकिन हकीकत यह नहीं है। एयरपोर्ट से होने वाली हर बुकिंग पर कैब मलिक को 10% कमीशन काटकर ही भुगतान मिलना है और एयरपोर्ट का पार्किंग शुल्क उपभोक्ता की जेब से जाना है। यह बात भारत टैक्सी सर्विस देने वाले ड्राइवर ने हमसे खुद साझा की। एमसीडी का प्रवेश शुल्क भी सारथी के हिस्से। हमें गंतव्य तक ले जाने वाले ड्राइवर का यह दर्द सरकार को जरूर सुनना चाहिए। ड्राइवर के कथनानुसार, एयरपोर्ट पर टैक्सी बुकिंग राशि काउंटर पर कैश जमा कराई जाती है और कैब मालिक को 10-15 दिन बाद भुगतान की व्यवस्था। यह मेरी नहीं, कैब मलिक की ही आशंका है कि सहकारी संस्थाएं भुगतान में जानबूझकर विलंब कर रहीं होंगी ताकि इतने दिनों के ब्याज की रकम भी उनकी 'आय' बने। इस आशंका को निर्मूल करना भी 'अच्छी सर्विस' के लिए जरूरी है। इसके अलावा कैब ओनर के सामने अपने दिन-प्रतिदिन के खर्चे पूरे करने में दिक्कतें भी हैं। जबकि दावा यह है कि सहकारिता आधारित मोबिलिटी इकोसिस्टम में उत्कृष्ट में 'सारथी ही मालिक' के मूल सिद्धांत को और अधिक मजबूती मिलेगी। कैब मालिक पहले ही घटती आय और बढ़ते खर्च को लेकर चिंतित हैं। उनकी इस चिंता पर भी गौर किया जाना चाहिए। प्राइवेट सेक्टर को चुनौती देने उतरी भारत टैक्सी सर्विस का ऐप भी अभी पूरी तरह डेवलप नहीं है। गुरुग्राम से दिल्ली तक की राइड लेने के दौरान एक बात और सामने आई कि भारत टैक्सी की ऑनलाइन बुकिंग में एमसीडी का प्रवेश शुल्क जुड़ा नहीं होता। कैब मालिक ग्राहक से उसकी अलग से डिमांड करता है। यह स्थिति कैब ओनर और ग्राहक दोनों को असहज करती है। कोई भी ग्राहक यात्रा में असहज नहीं होना चाहता। हां, भारत टैक्सी के ऐप में ओला-उबर से एक अलग फीचर है। वह है, ग्राहक को स्टॉप की सुविधा- जो गुरुग्राम में तो है पर दिल्ली के लिए नहीं। इसका विस्तार ग्राहकों को आकर्षित करेगा। जबकि निजी कंपनियां अपने ऐप में यह सुविधा नहीं दे रहीं। जरूरी है कि भारत टैक्सी एप भी समय-समय पर अपडेट कर 'ट्रैवलर फ्रेंडली' बनाया जाए। आज जब ऐसे भी ऐप हैं जो राइड सर्विस के प्राइस कंपेयर करके तुरंत उपभोक्ता को सजग कर देते हैं। ऐसे में भारत टैक्सी सर्विस को सफल बनाने के लिए बैसाखी के बजाय ग्राहक की उम्मीद के अनुरूप तैयार किया जाए। अगर सरकारी क्षेत्र की शीर्ष संस्थाएं ऐसा कर पाईं तो भारत टैक्सी का भविष्य वास्तव में उज्ज्वल होगा। नहीं तो दूसरी अन्य सेवाओं और उत्पादों की तरह सरकार के सहारे पर निर्भर रहकर बस नाम की रह जाएगी।

# तुम अकेले नहीं हो..

शरद मिश्र

**इंटरनेट घरों से बाहर यानी कुछेक साइबर कैफ़े और बड़े ऑफिसों में अपने बीज बो चुका था। टेक्नोलॉजी भी सामान्य रूप में बड़ों की पहुंच में हुआ करती थी। मल्टीप्लेक्स, मॉल इन सबका तो कोई स्थान ही नहीं था। सिंगल थिएटर और मेले मनोरंजन के साधन हुआ करते थे। कोई नई फिल्म आने पर शहर के प्रमुख चौराहों पर उस फिल्म के आकर्षक पोस्टर और बड़े-बड़े होर्डिंग लगाए जाते थे। अब बात यहीं से शुरू होती है। फिल्मों के पोस्टर हर प्रकार के होते थे, कुछ गरिमापूर्ण और कुछ आपत्तिजनक।**

25-26 वर्ष पूर्व समाज ग्लोबलाइजेशन के प्रभाव में आज जितना नहीं था, कुछ शुरुआत हो गई थी पर प्रभाव न्यूनतम था। मोबाइल फोन कुछ एक बड़े लोगों के पास हुआ करता था। स्मार्टफोन का तो नामोनिशान नहीं था। इंटरनेट घरों से बाहर यानी कुछेक साइबर कैफ़े और बड़े ऑफिसों में अपने बीज बो चुका था। टेक्नोलॉजी भी सामान्य रूप में बड़ों की पहुंच में हुआ करती थी। मल्टीप्लेक्स, मॉल इन सबका तो कोई स्थान ही नहीं था। सिंगल थिएटर और मेले मनोरंजन के साधन हुआ करते थे। कोई नई फिल्म आने पर शहर के प्रमुख चौराहों पर उस फिल्म के आकर्षक पोस्टर और बड़े-बड़े होर्डिंग लगाए जाते थे। अब बात यहीं से शुरू होती है। फिल्मों के पोस्टर हर प्रकार के होते थे, कुछ गरिमापूर्ण और कुछ आपत्तिजनक। ए सर्टिफिकेट प्राप्त पिक्चरों के भी होर्डिंग चौराहों पर दिख जाते थे। मैं अपने कुछ मित्रों के साथ नियमित मॉर्निंग वॉक पर जाया करता था, लगभग वही समय छोटे बच्चों के स्कूलों का भी होता है। अभिभावक अपने बच्चों को लेकर चौराहों पर स्कूल बस, टेंपो, रिक्शा के इंतजार में खड़े होते थे और स्वाभाविक है वैसे आपत्तिजनक होर्डिंग को देखकर असहज महसूस करते थे। नियमित वॉक के दौरान इस दृश्य को मैं और हमारे मित्र भी देखते थे, कुछेक बार प्रमुख लोगों से इसकी शिकायत भी की। तब मैं अपने दोस्तों से चर्चा के दौरान कहता था कि ए सर्टिफिकेट फिल्म देखने जाने के लिए तो सीमा निर्धारित की गई है पर इस होर्डिंग के सड़क पर लगे होने से छोटे से लेकर बड़े तक सभी देख रहे हैं। यह तो बच्चों के अधिकारों का हनन है और किस पर क्या प्रभाव पड़ रहा होगा, यह समझना कठिन है। उस दौर की अच्छी बात यह थी कि आज की तुलना में अभिभावक व समाज के बड़े-बुजुर्ग बच्चों को अधिक समय देकर उनसे विचार-विनिमय और प्रेरक बातें साझा किया करते थे, साथ ही आज की तुलना में संयुक्त परिवार की परंपरा अधिक थी। इसलिए बच्चों के मन में क्या चल रहा है, उसका आभास बड़ों को हो जाया करता था। कल गाजियाबाद में तीन बच्चियों के नौवीं मंजिल से कूद कर जान देने की घटना ने मुझे यह पुरानी बात याद दिला दी। आज घर-घर इंटरनेट, उस पर उपलब्ध हर प्रकार का कंटेंट और एकल तथा आत्म केंद्रित परिवार समाज के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।जिस प्रकार होर्डिग का बड़े-छोटे पर क्या असर होता था, इसका मूल्यांकन कठिन था पर उस दौर में न्यूनतम असर होने तथा तात्कालिक सामाजिक व्यवस्था के कारण उसके प्रभावों का समाधान किया जा सकना सरल था। वर्तमान परिस्थितियों के व्यापक प्रभाव और एकाकी जीवन शैली के दौर में समाधान अत्यंत कठिन है। मां-बाप काम पर चले गए, परिवार में बड़े-बुजुर्ग हैं नहीं। अगर कुछ हैं भी तो सब अपने-अपने में केंद्रित हैं। ऐसे में बच्चों के लिए बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो रही है। उनके लिए जानकारी और मनोरंजन के लिए इंटरनेट सबसे सरल-सुलभ माध्यम है, जिसपर पूरी दुनिया की संस्कृति, ज्ञान के साथ अच्छा-बुरा सभी कंटेंट मौजूद है। अपने यहां कहावत है- ÷कोस-कोस पर पानी बदले, चार कोस पर बानी।÷ इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री दुनिया के किसी स्थान की परिस्थिति, मनःस्थिति, देशकाल, उद्देश्य के हिसाब से सामयिक हो सकती है लेकिन जहां से आप एक्सेस कर रहे हैं, उस परिवेश के अनुकूल हो, यह नहीं कहा जा सकता। उद्देश्य का जिक्र मैंने इसलिए किया कि इंटरनेट ने पूरी दुनिया को बहुत बड़ा बाजार उपलब्ध कराया है और आईटी व मार्केटिंग क्षेत्र के विशेषज्ञ व्यावसायिक होड़ में नए-नए प्रयोग कर रहे हैं। वह जानते हैं कि सबसे ज़ादा यूज़र बच्चे एवं युवा हैं और वह उन्हें लेकर अपने प्रोजेक्ट बनाते हैं। नए-नए गेम, सोशल मीडिया व अन्य आकर्षक प्रलोभनों द्वारा बच्चों और युवाओं को प्रभावित करने का भरसक प्रयास करते हैं। बच्चे और युवा भी इन आकर्षणों में इतने गहरे उतर जाते हैं कि आभासी दुनिया ही उन्हें यथार्थ नजर आने लगती है और अंत में बहुत देर हो जाती है। अभिभावक के पास समय की कमी, समाज की एक-दूसरे के प्रति उदासीनता बच्चों पर नजर रखने में कुछ कमी लाती है। वहीं, इंटरनेट के माध्यम से एक वर्ग बच्चों पर नजर लगाए रहता है। एल्गोरिदम तो आप जानते ही हैं, कोई कंटेंट आपने एक बार देख लिया तो वह कंटेंट और उससे संबंधित कंटेंट बार-बार आपके सामने दिखाई पड़ेगा और बार-बार आपके सामने जब कोई चीज आती है तो स्वाभाविक है उसके प्रति कौतूहलता जगाती है, वहीं हम भ्रम जाल में फ़ंसते चले जाते हैं और फिर चक्रव्यूह से निकलना असंभव हो जाता है। बच्चे भी अपनी समस्याओं का समाधान पेरेंट्स की अनुपस्थिति में अपने हमउम्र साथियों से ही करने का प्रयास करते हैं जो स्वयं ही अभी पूरी तरह से किसी भी समस्या से उबरने के लिए तैयार नहीं है और बड़ों के पास समस्या के समाधान के लिए समय नहीं है। मैं तकनीकी का विरोधी नहीं हूं और बिना उसके अब दुनिया की कल्पना बेमानी है। आईटी ने हम लोगों के जीवन को बहुत सरल किया है। एआई नए तरीके से उपयोगी बन रहा है। मेरा जोर केवल इस बात पर है कि सबसे उपयोगी काम मान बच्चों के साथ अधिकतम समय साझा करते हुए विचार-विमर्श करना और पारंपरिक जीवन मूल्यों का स्मरण कराते रहना सबसे जरूरी है। आभासी दुनिया के अतिरिक्त सामाजिक दुनिया और ऑनलाइन गेमिंग के अलावा ऑन फील्ड गेमिंग पर सभी अभिभावकों को ध्यान देना चाहिए। आत्मकेंद्रित और आत्ममुग्धता से ऊपर उठकर बच्चों को पारिवारिक, सामाजिक आयोजनों में उल्लासपूर्वक सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करना चाहिए। बच्चों पर आपका दबाव नहीं प्रभाव हो और वह तब होगा जब आप उनके साथ अधिकतम समय व्यतीत करेंगे। बच्चों को यह हमेशा सिखाते रहें कि ÷बड़े भाग मानुष तन पावा÷ यानी हमें मनुष्य देह बड़े भाग्य से प्राप्त हुई है। इस देह पर परिवार व समाज सभी का हक है और तुम अकेले नहीं हो। अंत में -हे नाथ हम पर ऐसी कृपा हो, जीवन निरर्थक जाने ना पाए..।

# बदलता बांग्लादेश, बढ़ता भारत-विरोध

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**भारत और बांग्लादेश के रिश्तों की पृष्ठभूमि ऐतिहासिक और भावनात्मक रही है। साल 1971 के युद्ध में भारत ने प्रत्यक्ष सैन्य और कूटनीतिक सहयोग देकर बांग्लादेश के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाई थी। यही कारण है कि दशकों तक दोनों देशों के बीच आपसी भरोसे का रिश्ता बना रहा। शेख हसीना के नेतृत्व में साल 2009 से 2023 के बीच भारत और बांग्लादेश के संबंध अपने सबसे मजबूत दौर में पहुंचे। इस अवधि में दोनों देशों के बीच व्यापार कई गुना बढ़ा, सीमा विवादों का समाधान हुआ और आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई को मजबूती मिली।**

दक्षिण एशिया की राजनीति में बांग्लादेश हमेशा से भारत का महत्वपूर्ण और संवेदनशील पड़ोसी रहा है। साल 1971 के मुक्ति संग्राम से लेकर पिछले एक दशक तक दोनों देशों के रिश्ते सहयोग, विश्वास और साझा हितों की मजबूत नींव पर खड़े रहे, किंतु हालिया राजनीतिक घटनाक्रम विशेषकर शेख हसीना के सत्ता से हटने, उनके भारत आने और अंतरिम सरकार के गठन ने इस संतुलन को बुरी तरह प्रभावित किया है। अब 12 फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले बांग्लादेश में भारत-विरोध एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनकर उभर रहा है, इससे क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं। भारत और बांग्लादेश के रिश्तों की पृष्ठभूमि ऐतिहासिक और भावनात्मक रही है। साल 1971 के युद्ध में भारत ने प्रत्यक्ष सैन्य और कूटनीतिक सहयोग देकर बांग्लादेश के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाई थी। यही कारण है कि दशकों तक दोनों देशों के बीच आपसी भरोसे का रिश्ता बना रहा। शेख हसीना के नेतृत्व में साल 2009 से 2023 के बीच भारत और बांग्लादेश के संबंध अपने सबसे मजबूत दौर में पहुंचे। इस अवधि में दोनों देशों के बीच व्यापार कई गुना बढ़ा, सीमा विवादों का समाधान हुआ और आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई को मजबूती मिली। आंकड़ों के अनुसार, भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय व्यापार साल 2009 में लगभग 3 अरब डॉलर था, जो साल 2022-23 तक बढ़कर करीब 18 अरब डॉलर तक पहुंच गया। भारत, बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। भारत ने बांग्लादेश को लगभग 8 अरब डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट भी दी, जिसके तहत सड़क, रेलवे, ऊर्जा और बंदरगाह परियोजनाओं पर काम हुआ। इसके अलावा, सीमा समझौते के तहत साल 2015 में 162 एन्क्लेवों का आदान-प्रदान किया गया, जो दशकों पुराने विवाद का शांतिपूर्ण समाधान था लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद यह पूरा समीकरण तेजी से बदलता दिखाई दे रहा है। शेख हसीना के हटने और उनके भारत में शरण लेने की घटना ने बांग्लादेश की राजनीति में भारत को सीधे एक विवादित मुद्दा बना दिया है। जमात-ए-इस्लामी और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) जैसे राजनीतिक दल हसीना को वापस भेजने की लगातार मांग कर रहे हैं। इस मांग को केवल एक कानूनी या राजनीतिक मुद्दे के रूप में नहीं देखा जा रहा बल्कि इसे भारत के खिलाफ राष्ट्रीय अस्मिता से जोड़कर पेश किया जा रहा है। इसी के साथ, बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों की घटनाएं भी चिंता का विषय बन गई हैं। बांग्लादेश की कुल आबादी लगभग 17 से 18 करोड़ के बीच है, जिसमें हिंदुओं की संख्या लगभग 1.3 से 1.5 करोड़ मानी जाती है, यानी करीब 8-9 प्रतिशत। पिछले कुछ वर्षों में दुर्गा पूजा के दौरान मंदिरों पर हमलों, मूर्तियों को तोड़ने और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की कई घटनाएं सामने आई हैं। कुछ मानवाधिकार संगठनों की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2021 से 2025 के बीच ऐसे मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इस बीच 100 से अधिक टारगेटेड हिंदू हत्याएं की गईं। इस्लामी अतिवादियों द्वारा घर जलाने, संपत्ति हड़पने और उसे नुकसान पहुंचाने की घटनाओं की बात करें तो आंकड़े बहुत भयंकर हैं, यह 10000 को पार कर चुके हैं। हालांकि अंतरिम सरकार इन घटनाओं को सांप्रदायिक हिंसा मानने से बचती रही है और उन्हें व्यक्तिगत विवाद या स्थानीय झगड़ों का परिणाम बताती रही है, लेकिन इन घटनाओं से भारत में यह धारणा मजबूत हो रही है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा कमजोर हो रही है और सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रही। अंतरिम सरकार के प्रमुख डॉ. मोहम्मद यूनुस और उनके सलाहकारों के हालिया बयानों ने भी भारत-बांग्लादेश संबंधों में दूरी की झलक दिखाई है। कई मौकों पर यह कहा गया कि बांग्लादेश को किसी छोटे देश की तरह न समझा जाए और वह अपनी स्वतंत्र विदेश नीति चलाने में सक्षम है। कुछ बयानों में यह भी संकेत दिया गया कि बांग्लादेश की आबादी और सामरिक स्थिति उसे क्षेत्र में एक मजबूत देश बनाती है। ऐसे में वह भारत से हर मोर्चे पर निपटने के लिए तैयार है- इस तरीके की सोच भारत को अप्रत्यक्ष रूप से धमकी देना भी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनाव से पहले इस तरह की बयानबाजी इस्लामी जिहादियों और कट्टर वादियों को भावनाओं को उभारने के लिए की जा रही है। भारत के खिलाफ लिए जा रहे कुछ अन्य फैसले और रुख भी इसी बदलाव की ओर इशारा करते हैं। व्यापारिक समझौतों की समीक्षा की बात उठ रही है। सीमा प्रबंधन को लेकर सख्ती बढ़ाई गई है। कुछ राजनीतिक संगठनों ने भारत के खिलाफ जनसभाएं और अभियान भी शुरू किए हैं। यह माहौल धीरे-धीरे ऐसे राजनीतिक नैरेटिव को जन्म दे रहा है जिसमें भारत को एक बाहरी प्रभाव और शत्रुदेश के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम का एक बड़ा पहलू धार्मिक और सामाजिक पहचान की राजनीति भी है। बांग्लादेश के संविधान में लंबे समय से धर्मनिरपेक्षता और इस्लामी पहचान के बीच संतुलन बना हुआ था लेकिन अब इस विषय पर नई बहस शुरू हो गई है। कुछ कट्टरपंथी संगठन देश को अधिक इस्लामी पहचान देने की बात कर रहे हैं, हालांकि अंतरिम सरकार ने साफ किया है कि शरिया कानून लागू करने की कोई योजना नहीं है। फिर भी अल्पसंख्यक संगठनों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के खिलाफ दिए जा रहे तीखे बयान सामाजिक तनाव को बढ़ा रहे हैं। जब हिंदू-बौद्ध-क्रिश्चियन समुदाय से जुड़े संगठनों को राजनीतिक रूप से निशाना बनाया जाता है तब इससे देश के भीतर असुरक्षा का माहौल बनना स्वभाविक है। इसका असर भारत में भी महसूस किया जा रहा है क्योंकि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और पारिवारिक संबंध गहरे हैं। भारत के लिए यह स्थिति कूटनीतिक रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण है। एक तरफ वह अपने पड़ोसी देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहता, दूसरी तरफ उसे वहां रहने वाले हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता भी है। इसके अलावा, भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के लिए बांग्लादेश एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। भारत-बांग्लादेश के बीच लगभग 4096 किलोमीटर लंबी सीमा है जोकि भारत की सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं में से एक है। इस सीमा की स्थिरता भारत की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। आर्थिक दृष्टि से भी दोनों देश एक-दूसरे पर निर्भर हैं। बांग्लादेश भारत से पेट्रोलियम उत्पाद, कपास, मशीनरी और खाद्य सामग्री का बड़ा आयातक है। वहीं, भारत के लिए बांग्लादेश एक बड़ा निर्यात बाजार है। यदि राजनीतिक तनाव बढ़ता है तो इसका असर दोनों देशों के व्यापार पर पड़ सकता है। 12 फरवरी के चुनाव इस पूरे परिदृश्य को तय करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। यदि चुनाव के बाद ऐसी सरकार बनती है जो भारत के साथ संतुलित और सहयोगपूर्ण संबंध बनाए रखना चाहती है, तो वर्तमान तनाव कम हो सकता है। लेकिन यदि भारत-विरोधी राजनीति को जनसमर्थन मिलता है तो आने वाले वर्षों में संबंधों में और खटास आ सकती है। यह भी सच है कि बांग्लादेश अपनी राष्ट्रीय पहचान और स्वतंत्र नीति को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। हर देश का यह अधिकार है कि वह अपनी विदेश नीति तय करे। लेकिन जब यह प्रक्रिया पड़ोसी देशों के खिलाफ तीखी बयानबाजी और नकारात्मक राजनीतिक अभियान के रूप में सामने आती है तो इससे क्षेत्रीय स्थिरता प्रभावित होती है। फिर यह स्थिति केवल भारत और बांग्लादेश के रिश्तों का सवाल नहीं है बल्कि पूरे दक्षिण एशिया की स्थिरता का भी मुद्दा है। यदि दोनों देशों के बीच अविश्वास बढ़ता है तो इसका असर क्षेत्रीय सुरक्षा, व्यापार और विकास पर पड़ेगा। वस्तुतः आज की स्थिति यह संकेत दे रही है कि भारत और बांग्लादेश के रिश्ते नए मोड़ पर खड़े हैं। यह मोड़ सहयोग और साझेदारी की ओर भी जा सकता है और टकराव की दिशा में भी। आने वाले चुनाव और उसके बाद बनने वाली सरकार इस बात को तय करेगी कि दक्षिण एशिया के ये दो महत्वपूर्ण पड़ोसी किस रास्ते पर आगे बढ़ेंगे। फिलहाल बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की तरफ से बार-बार भारत विरोध की कोशिश हो रही है, इससे नुकसान भारत की तुलना में बांग्लादेश का अधिक है। यह बात उसे अभी समझ नहीं आ रही। वह अभी पाकिस्तान और चीन की गोद में खेल रहा है, यह सभी को दिखाई दे रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं की हालत भयंकर रूप से खराब है और उनके सामने जीवन का संकट बना हुआ है। ऐसे में भारत सरकार का यह दायित्व है कि वह अपनी जिम्मेदारी को समझे, कम से कम 1947 में हुआ भारत विभाजन इस शर्त पर तो नहीं हुआ था कि जो जहां है वह अल्पसंख्यक होने के नाते वहाँ प्रताड़ित किया जाएगा और उसके प्रति बार-बार हिंसा घटेगी इसलिए भारत सरकार की ओर से सख्त निर्णय लेना आज के समय की जरूरत है, जिसे बिना किसी देरी के केंद्र की मोदी सरकार को बांग्लादेश के प्रति लेना चाहिए।

# यूजीसी के नए नियमों के विरोध में सवर्ण एकता मंच का हल्ला बोल

- हजारों की संख्या में सवर्ण समाज के लोगों ने जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। यूजीसी के नए नियमों को लेकर भले ही देश की सबसे बड़ी अदालत ने स्थगनादेश जारी कर दिया है, लेकिन सरकार के अड़ियल रवैये के चलते सवर्ण समाज के लोगों ने अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में यूजीसी व केंद्र सरकार के खिलाफ सवर्ण समाज लगातार हमलावर बना हुआ है और आंदोलन करके यूजीसी के नए कानूनों का विरोध दर्ज करा रहा है। सवर्ण समाज के लोगों का कहना है कि यूजीसी के नए नियमों को सरकार वापस नहीं लेना चाहती और समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है, जिसे कतई बर्दास्त नहीं किया जाएगा। सर्वण समाज की विभिन्न जातियों व वर्गो ने एकजुट होकर सवर्ण एकता मंच का गठन किया है, जिसके बैनर तले समाज के लोगों ने जोरदार आंदोलन छेड़ रखा है।

शनिवार को शहर के जीआईसी मैदान में सवर्ण समाज के लोगों ने एकत्र होकर सर्वण एकता मंच के बैनर तले धरना प्रदर्शन किया और यूजीसी के साथ ही भाजपा की सरकार को जमकर कोसा। सवर्ण एकता मंच के सूत्रधार रहे ब्राह्मण समाज के अगुवा संकटा प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि सरकार यूजीसी के बहाने समूचे सवर्ण समाज को कमजोर करने का कुचक्र रच रही है और समाज के युवाओं का भविष्य बर्बाद करने पर तुली हुई है। सरकार को केवल पीडीए की चिंता है, जबकि सवर्ण समाज को सरकार लगातार दरकिनार करने का काम कर रही है। ऐसे में समाज के लोगों को अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए सड़क से लेकर सदन तक अपनी लड़ाई लड़ने का संकल्प लेना चाहिए। अखंड भारत विप्र एकता मंच के प्रमुख अभिषेक बाजपेई ने यूजीसी के नए कानूनों को योग्यता का गला घोंटने वाला हथियार बताया। कहा कि सवर्ण समाज के योग्य बच्चों का भविष्य चौपट करने का कुचक्र रचा जा रहा है।

उन्होंने यूजीसी बिल को विभाजनकारी और समतामूलक समाज को लेकर संविधान की मूल धारणा के विपरीत बताया। सवर्ण एकता मंच के आंदोलन में क्षत्रिय महासभा, सवर्ण आर्मी, ब्राह्मण महासभा, अखंड भारत विप्र एकता मंच, कायस्थ महासभा, गरुण सेना, करणी सेना, सवर्ण मुस्लिम मंच, व्यापार मंडल, जैन संघर्ष समिति समेत विभिन्न संगठनों ने एकछत्र के नीचे आकर शिरकत की और अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने का संकल्प दोहराया।

जीआईसी मैदान से हजारों की संख्या में सवर्ण समाज के लोग जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां जोरदार नारेबाजी करते हुए सरकार और यूजीसी को खूब खरी-खोटी सुनाई। सवर्ण एकता मंच के तत्वावधान में राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया और सवर्ण समाज की प्रतिभा की सुरक्षा करने के लिए यूजीसी बिल को वापस लेने की आवाज बुलंद की गई। इस मौके पर क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष राम सिंह कछ्वाह, ग्राम प्रधान संगठन से ओमप्रकाश त्रिपाठी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुशील त्रिवेदी, सुरेंद्र मिश्रा पप्पू, लक्ष्मीकांत मिश्रा प्रधान, सुनील तिवारी, हरदेव त्रिपाठी, रमजोर सिंह चंदेल, एसके सिंह, शिवभवन सिंह, हरिकृष्ण श्रीवास्तव, वृंदावन वैश्य, उमेश तिवारी, संतोष द्विवेदी, राजा कृष्णकांत त्रिपाठी, डा.संजय द्विवेदी, आकाश दीक्षित, जयराम सिंह, जगतराम तिवारी, रामदेव दीक्षित, रितेश त्रिपाठी, शैलेंद्र सिंह, आलोक सिंह योगी, शोएब रिजवी, अयूब खान, आरपी तिवारी, बलराम तिवारी, प्रेम गुप्ता, देवेंद्र सिंह, दिनेश दीक्षित समेत सवर्ण समाज के हजारों लोग शामिल रहे।

# अवकाश पर गए नगर पालिका सफाई लिपिक का वेतन रोकने के निर्देश

- डीएम ने नगर पालिका व कान्हा गौ-आश्रय स्थल का किया निरीक्षण
- अभिलेख अधूरे मिलने पर जताई सख्त नाराजगी सुधार की हिदायत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अतर्रा। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद कार्यालय और स्थाई कान्हा गौ-आश्रय स्थल का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण की सूचना के बावजूद अवकाश पर गए सफाई लिपिक के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए वेतन रोकन के निर्देश अधिशाषी अधिकारी को दिए। सेवा अभिलेख अधूरे मिलने पर नाराजगी जताते हुए अधिशासी अधिकारी को अद्यतन कराने को कहा। गोवंशों के लिए पशु आहार, भूसा, गुड, नमक आदि की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। शनिवार को जिलाधिकारी जे.रीभा ने शनिवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय का निरीक्षण किया। सूचना के बावजूद अवकाश पर गए सफाई लिपिक के विरूद्ध कार्रवाई प्रस्तावित करते हुए नगर पालिका ईओ विजेता गुप्ता को वेतन रोकन के निर्देश दिए। निकाय कर्मचारियों की सेवा अभिलेखों का गहनता से देखा। सेवा अभिलेख अधूरे मिलने पर नगर पालिका ईओ को तत्काल सभी अभिलेख अद्यतन कराने को कहा। निकाय के खराब हैंडपंपों को गर्मी से पहले रिबोर कराने व खराब वाटर टैंकर्स को ठीक कराने के निर्देश ईओ को दिए। निकाय के अंतर्गत कराए गए निर्माण कार्यों की जांच के लिए पीडब्ल्यूडी व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को निर्देश दिए। गृहकर सर्वे कराने एवं पालिका के नवीन भवन निर्माण को कार्रवाई करने को कहा। पालिका क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गौरा बाबा तालाब के सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश ईओ को दिए। इसके अलावा डीएम ने नगर पालिका परिषद द्वारा संचालिका स्थाई कान्हा गौ-आश्रय स्थल का भी निरीक्षण किया।

# अपर जिलाधिकारी ने तहसील सिराथू में सुनी जनशिकायतें



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। जनपद की सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सिराथू में अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर ने जनशिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। अपर जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित मामलों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि तहसील दिवस में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी शिकायत लंबित न रहने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जनपद में कुल 92 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 5 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। तहसील चायल में 32 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से1शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं तहसील मंझनपुर में 20 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 शिकायतों का तत्काल समाधान किया गया।

## 22 फरवरी को बृहद विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर का आयोजन

कौशाम्बी। विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद कौशाम्बी में 22 फरवरी 2026 को बृहद् विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर लाभान्वित किया जायेगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आस्था मिश्रा ने बताया कि 22 फरवरी को जनपद स्तर पर मेगा शिविर का आयोजन किया जाएगा। मेगा शिविर से पूर्व तहसील स्तर पर प्री-कैंप आयोजित किए जाएंगे। तहसील चायल में प्री-कैंप 10 फरवरी 2026, तहसील सिराथू में 13 फरवरी 2026 तथा तहसील मंझनपुर में 17 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा। मेगा शिविर में जनपद के 44 विभागों द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को लाभ प्रदान किया जाएगा।

# भवंस मेहता विद्याश्रम में इंटर छात्रों की भावभीनी विदाई

- मिस वीएमवी प्रतीक्षा सिंह व मास्टर वीएमवी विशिष्ट गुप्ता बने विजेता

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में शनिवार को बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य एवं भावनात्मक फ़ेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया जिसमें एक दूसरे से बिछुड़ने का गम उनकी पलकों में साफ झलक रहा था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य बलैया गंगारबोइना द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम में उप-प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह, स्कूल कॉर्डिनेटर नसीम अंसारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक संदीप सक्सेना व कोषाध्यक्ष डॉ. प्रशांत अग्रवाल ने अपने संदेश के माध्यम से विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर प्रगति करने की प्रेरणा दी तथा कहा कि वे जहां भी रहें विद्याश्रम की छवि व अनुशासन बनाये रखें। प्रधानाचार्य बलैया गंगारबोइना ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में सफलता केवल किताबी ज्ञान से नहीं, बल्कि अनुशासन, संस्कार, आत्मविश्वास और सतत परिश्रम से प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आगामी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर विद्यालय, गुरुजनों एवं माता-पिता का नाम रोशन करने का आह्वान किया। फ़ेयरवेल समारोह के दौरान कक्षा 12 के सभी विद्यार्थियों को उपहार एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने केक काटकर हर्षोल्लास के साथ इस पल को यादगार बनाया। फ़ेयरवेल कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा गीत, नृत्य व अन्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के दौरान मिस बीएमवी के रूप में प्रतीक्षा सिंह एवं मास्टर बीएमवी के रूप में विशिष्ट गुप्ता का चयन किया गया, जिन्हें विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा किया गया जो अत्यंत सराहनीय एवं सफल रहा। अंत में विद्यालय परिवार ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं की।

# वामा सारथी के तहत उन्नाव में मेडिकल कैंप का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफ़ेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में तथा वामा सारथी अध्यक्षा जनपद उन्नाव नीतू सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव जयप्रकाश सिंह के निर्देशन में निर्धारित कैलेंडर के अनुसार शनिवार को वामा वेलनेस होम्योपैथिक कैंप एवं टाटा एक एम जी मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। मेडिकल कैंप में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार की महिलाओं और बच्चों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व उपचार किया गया। चिकित्सकों द्वारा मौसम परिवर्तन के कारण होने वाली बीमारियों से बचाव के संबंध में आवश्यक परामर्श भी दिया गया।

टाटा एक एम जी के चिकित्सकों द्वारा पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की थायराइड, कोलेस्ट्रॉल, टीएसएच (ट्ठ्ट्क्), एलएफटी (ख्क्क्ष्), कैल्शियम सहित अन्य आवश्यक जांचें की गईं। वहीं वामा वेलनेस होम्योपैथिक कैंप के अंतर्गत होम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा मरीजों को निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं।

कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक संचित शर्मा, क्षेत्राधिकारी सफीपुर सोनम सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन विनी सिंह एवं प्रतिसार निरीक्षक सचिन राय मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त पुलिस वेलफ़ेयर शाखा से उप निरीक्षक विमलेश शुक्ला, आरक्षी अजय कुमार तथा वामा सारथी टीम से कोऑर्डिनेटर डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव, महिला आरक्षी संयोगिता शुक्ला, महिला आरक्षी कोमल शर्मा एवं वामा सारथी वॉलेंटियर्स आशा, शिवांगी, अंजु, कल्पना, सुनीता, अनीता, मीरा कस्तूरी, संगीता, वंदना, आरती, वैष्णवी, प्रिया और सुषमा का विशेष योगदान रहा।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता शिविर आयोजित

बांगरमऊ-उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम बेरिया गाड़ा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को लेकर विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महिला चिकित्सक डॉ. प्रिया सिंह ने छात्राओं को माहवारी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर को संबोधित करते हुए डॉ. प्रिया सिंह ने कहा कि माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है, लेकिन इस दौरान लापरवाही बरतने से गंभीर संक्रमण और बीमारियां हो सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को बताया कि माहवारी के समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। हमेशा साफ और सुरक्षित सैनिटरी पैड का ही प्रयोग करें। यदि सूती कपड़े का उपयोग किया जाए तो उसे अच्छी तरह धोकर तेज धूप में सुखाना अनिवार्य है। संक्रमण से बचाव के लिए हर 4 से 6 घंटे में पैड बदलना चाहिए।

# निषाद समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग को लेकर तहसील में प्रदर्शन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांगरमऊ-उन्नाव। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद के नेतृत्व वाली निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने शनिवार को झंडा, बैनर और पोस्टर लेकर तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने निषाद समाज को पिछड़े वर्ग की सूची से हटाकर अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग पुरजोर तरीके से उठाई।

निषाद पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता तोताराम निषाद के नेतृत्व में तहसील पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने कहा कि निषाद समाज लंबे समय से सामाजिक एवं आर्थिक शोषण का शिकार रहा है, इसके बावजूद उसे आज तक पूर्ण संवैधानिक अधिकार नहीं मिल सके हैं। कार्यकर्ताओं ने भारत सरकार के महा रजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा 16 जून 2025 को जारी आदेश तथा 8 जनवरी 2022 के शासनादेश का हवाला देते हुए कहा कि मांझी, केवट, मल्लाह सहित संबंधित जातियों के संबंध में पारित आदेशों का प्रदेश भर में अनुपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 की धारा 13 के अंतर्गत राज्यपाल द्वारा अधिनियम की अनुसूची-1 में संशोधन किया गया है। संशोधित सूची के तहत निषाद, केवट, मल्लाह, कश्यप, कहार, ढीमर, बिंद, बाथम, तुरैहा, गोड़िया, मछुआ आदि जातियों को पिछड़े वर्ग की सूची से हटाए जाने का आदेश जारी किया गया है।

कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि शासनादेश एवं संशोधित अधिसूचना जारी होने के बावजूद जनपद व तहसील स्तर पर इसका अनुपालन नहीं हो रहा है। उन्होंने तहसील प्रशासन से मांग की कि शासनादेश का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा नियम विरुद्ध जारी किए जा रहे प्रमाण पत्रों पर तत्काल रोक लगाई जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध केंद्रों में धान की धड़ल्ले से खरीद जारी

बांदा । कस्बे से लेकर बदौसा, खुरहंड और बिसंडा सहित कई मार्गों पर अढ़ितया अवैध खरीद केंद्र खोलकर धड़ल्ले से धान की तौल की जा रही है। जबकि शासन का स्पष्ट आदेश है कि केवल सरकारी मंडी में पंजीकृत दुकानदार ही धान की खरीद कर सकते हैं। इस अवैध खरीद का सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है। व्यापारी एमएसपी से काफी कम दाम पर धान खरीद रहे हैं। किसानों ने घटतौली की शिकायतें भी दर्ज कराई हैं, जिससे वे सरकारी मंडी व्यवस्था होने के बावजूद परेशान हैं। किसानों ने प्रशासन पर अढ़तियों पर बरती जा रही नरमी पर नाराजगी व्यक्त की है। कहा कि जब सरकार ने किसानों के हित में समर्थन मूल्य और मंडी व्यवस्था लागू की है, तो कहीं भी अवैध खरीद की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। आरोप है कि खुलेआम किसानों को लूटा जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों की सरपरस्ती में खुले अवैध खरीद केंद्रों में अढ़तिया किसानों का धान 17 से 1800 रुपए प्रति कुंतल क्ी दर से खरीद रहे हैं। भाकियू जिलाध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अवैध खरीद केंद्र संचालकों पर कार्रवाई की मांग की है।

### यूजीसी नियम तत्काल लागू करने की मांग

बांदा। जहां एक ओर सवर्ण समाज के लोग यूजीसी नियमों का विरोध करते हुए बिल वापस लेने की मांग बुलंद कर रहे हैं। वहीं भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के लोगों ने इन नियमों को तत्काल लागू कराने की मांग की है। भीम आर्मी के जिला महासचिव मनोज रुस्तम की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने शनिवार को प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भीम आर्मी के लोगों का कहना है कि नए यूजीसी नियमों के लागू होने से उच्च शिक्षा में पारदर्शिता, गुणवत्ता और मेरिट आधारित व्यवस्था को मजबूती मिलेगी, वहीं एससीएसटी व ओवीसी समेत वंचित वर्गों के छात्रों को बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। कहा है कि शिक्षा व्यवस्था वैश्विक स्तर पर मजबूत होगी।

### बुजुर्ग की संदिग्ध मौत

बांदा। शहर के बिजली खेड़ा निवासी गंधारी लाल (85) पुत्र रूस्तम को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई। परिजनों के साथ न होने पर डॉक्टरों ने शव को मर्चरी हाउस में रखवा दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### छत से गिर कर युवक घायल

बांदा। बबेरू कस्बा निवासी संतोष (40) पुत्र रविकरन शनिवार की दोपहर छत में काम कर रहा था। तभी पैर फिसल जाने से वह छत से नीचे जा गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### बाईपास निर्माण व गांधी चौक सुंदरीकरण की मांग

अतर्रा। अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कस्बे में लगने वाले जाम से निजात को बाईपास निर्माण और गांधी चौक सुंदरीकरण की मांग की। कहा कि नेशनल हाइवे समेत अन्य मार्गों पर लगने वाले जाम से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शासन द्वारा धनराशि जारी करने के बाद भी अब तक गांधी चौक में सुंदरीकरण कार्य नहीं शुरू हुआ। अधिवक्ता सूरज बाजपेई के साथ अधिवक्ता संघ पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह राठौर, छोटेलाल अवस्थी, शाश्वत मिश्रा जितेंद्र तिवारी ने शनिवार को तहसील दिवस में जनता की समस्याएं सुनने पहुंची जिलाधिकारी जे.रीभा को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि कई माह पहले गांधी चौक सुंदरीकरण के लिए धनराशि आई थी। लेकिन सुंदरीकरण नहीं हुआ। उल्टा नरैनी रोड की नालियों को सड़क से ऊपर उठाकर अतिक्रमण को बढ़ा दिया। साथ ही मुख्य मार्गों के फुटपाथ पर भी अवैध अतिक्रमण है। कस्बे के बदौसा रोड, बांदा रोड, बिसंडा रोड में रोजाना घंटों जाम लगता है। कस्बे में लगने वाले जाम से निजात को बाईपास निर्माण की मांग की। जिलाधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें

- असंतुष्ट फीडबैक पर विभागों को लगाई फटकार, वृद्धा पेंशन प्रकरण में सचिव के निलंबन के निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश की उपस्थिति में शनिवार को तहसील पूर्वा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान फरियादियों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के सख्त निर्देश दिए। जनसुनवाई से पूर्व जिलाधिकारी ने आईसीडीएस विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टालों का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत उन्होंने एक-एक कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर विद्युत विभाग, जिला पूर्ति विभाग, क्रीड़ा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी से संबंधित प्रकरणों में असंतुष्ट फीडबैक मिलने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस शासन की प्राथमिकताओं में है, अधिकारी इसे गंभीरता से लें और केवल कंप्यूटर ऑपरेटर के भरोसे न रहें, बल्कि स्वयं शिकायतकर्ता से फीडबैक लेकर गुणवत्ता पूर्ण रिपोर्ट अपलोड करें।

समाज कल्याण विभाग से जुड़े एक प्रकरण में बुजुर्ग महिला को मृत दर्शाकर उसकी पेंशन बंद किए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ा संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित ग्राम सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए तथा वृद्ध महिला की पेंशन 15 दिन के भीतर पुनः बहाल करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी शासन द्वारा निर्धारित समय प्रातः 10 से 12 बजे तक अपने-अपने कार्यालयों में बैठकर जनशिकायतें सुनें और उनका संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायत निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से कुल 89 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

### तहसील का निरीक्षण, न्यायालयों में लापरवाही पर फटकार

सम्पूर्ण समाधान दिवस के समापन के पश्चात जिलाधिकारी ने तहसील पूर्वा का निरीक्षण किया। उन्होंने उपजिलाधिकारी प्रशासन एवं उपजिलाधिकारी न्यायिक के न्यायालयों में वादों के निस्तारण से संबंधित पत्रावलियों का निरीक्षण किया। फाइलों को लंबित रखने, पत्रावलियों का विधिवत संधारण न होने तथा न्यायालयीन प्रक्रियाओं में लापरवाही पाए जाने पर पेशकारों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी।

### राजस्व दर्शन पुस्तिका का विमोचन

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील की राजस्व संबंधी जानकारी पर आधारित 'राजस्व दर्शन' पुस्तिका के छठे अंक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि इस पुस्तिका से तहसील क्षेत्र के नागरिकों को राजस्व से संबंधित सुलभ जानकारी प्राप्त होगी।

### सिंगल विंडो प्रणाली लागू करने के निर्देश

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को प्रमाण पत्र, खसरा-खतौनी व अंश निर्धारण वितरण हेतु सिंगल विंडो प्रणाली लागू करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी पूर्वा, क्षेत्राधिकारी पूर्वा, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचएन सिंह, तहसीलदार पूर्वा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस : डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

## लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात

- शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील मितौली के सभागार में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग एवं मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान एक ओर जहां जनशिकायतों के निस्तारण पर जोर दिया गया, वहीं दूसरी ओर

जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान कर उनके चेहरे पर मुस्कान लाई गई। जनसुनवाई के दौरान डीएम एवं एसपी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच कर गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का समाधान है। गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ त्वरित निस्तारण करते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने भूमि विवादों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को तत्काल कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 42 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 04 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 17, पुलिस विभाग की 06, विकास विभाग की 06, आपूर्ति विभाग की 05, विद्युत विभाग की 04, जल निगम की 03 एवं शिक्षा विभाग की एक शिकायत शामिल रही। सभी प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया।

**समाधान दिवस पर मुस्कुराए चेहरे : लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात**- संपूर्ण समाधान दिवस जनपद में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का भी साक्षी बना। इस अवसर पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग एवं सीडीओ अभिषेक कुमार ने तीन गर्भवती महिलाओं का गोद भराई संस्कार संपन्न कराया। साथ ही छह माह के तीन शिशुओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत पांच लाभार्थियों को चेक भी प्रदान किए गए। डीएम ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। समाधान दिवस के माध्यम से आमजन के चेहरे पर आई मुस्कान अधिकारियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धारवे, एसडीएम मधुसूदन गुप्ता, परियोजना निदेशक एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि मेले को लेकर तीर्थ परिसर का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

- श्रद्धालुओं की सुविधा व यातायात व्यवस्था पर दिया गया विशेष जोर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर छोटी काशी स्थित पौराणिक शिव मंदिर में आयोजित होने वाले विशाल मेले को लेकर शनिवार को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तीर्थ परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेले की तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर पहुंचने एवं दर्शन करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। विशेष रूप से यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग, सुरक्षा तथा मूलभूत सुविधाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की गई और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने तीर्थ परिसर एवं आसपास के मार्गों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। कहा गया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष गोला, क्षेत्राधिकारी गोला सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं सम्मानितजन उपस्थित रहे।

# ज्ञान भारम् मिशन के तहत उन्नाव की बौद्धिक विरासत को मिलेगा नया जीवन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव। जिला सूचना एवं पर्यटन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा और बौद्धिक विरासत को पुनर्जीवित करने की एक महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय पहल की जा रही है। इस मिशन के तहत देशभर में उपलब्ध भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी पाण्डुलिपियों, हस्तलिखित एवं दुर्लभ ग्रन्थों का वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटलीकरण और अभिलेखीकरण किया जाएगा, जिससे यह धरोहर शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों के लिए सुलभ हो सके।

उन्होंने कहा कि जनपद उन्नाव ज्ञान, दर्शन, साहित्य और संस्कृति की ऐतिहासिक भूमि रहा है। यह मिशन विकसित भारतऽ2047 के लक्ष्य के अनुरूप डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण तथा विरासत और विकास के राष्ट्रीय संकल्प से प्रेरित है।

जिला पर्यटन अधिकारी ने बताया कि ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों, मठों, मंदिरों, शैक्षणिक संस्थानों, निजी एवं सार्वजनिक पुस्तकालयों तथा व्यक्तिगत संग्रहों में उपलब्ध पाण्डुलिपियों, हस्तलिखित ग्रन्थों, ताड़पत्रों, भोजपत्रों एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की पहचान, सर्वेक्षण, कैटलॉगिंग, संरक्षण एवं डिजिटलीकरण का कार्य किया जाएगा।

उन्होंने अपील की कि जिन व्यक्तियों या संस्थानों के पास इस प्रकार की अभिलेखीय सामग्री उपलब्ध है, वे कार्यालय जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, कलेक्ट्रेट भवन (कक्ष संख्याऽ65), उन्नाव से संपर्क करें। डिजिटलीकरण के उपरांत इन पाण्डुलिपियों को ज्ञान भारतम् पोर्टल के माध्यम से आमजन के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

# मितौली तहसील में डीएम का औचक निरीक्षण

- न्यायालयों की अलमारियां खुलवाकर परखे अभिलेख
- रिकॉर्ड रूम से अभिलेखागार तक गहन जांच, जनसुविधाओं की भी परखी व्यवस्था

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखीमपुर खीरी। शनिवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के साथ तहसील मितौली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने तहसील के विभिन्न अनुभागों की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया और अभिलेखों के संरक्षण व सुव्यवस्थित रख-रखाव पर विशेष जोर दिया।

डीएम ने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान न्यायालयों की अलमारियां खुलवाकर अभिलेखों की स्थिति देखी गई तथा दस्तावेजों को क्रमबद्ध और सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त रिकॉर्ड रूम, भूलेख एवं संग्रह अनुभाग, अभिलेखागार, राजस्व निरीक्षक कार्यालय एवं नजारत अनुभाग की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। अभिलेखागार में डीएम ने कॉम्पैक्टर खुलवाकर पुराने अभिलेखों का परीक्षण किया। ग्राम किशनपुर की पूर्व षष्ठवार्षिक खतौनी एवं 1359 फसली खसरे का अवलोकन करते हुए अभिलेखों के संरक्षण और समुचित रख-रखाव के स्पष्ट निर्देश दिए। तहसील परिसर भ्रमण के दौरान डीएम ने आमजन के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की भी जांच की। वेटिंग बेंच, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई तथा बैठने की सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। पुरुष एवं महिला संसाधन कक्षों की क्रियाशीलता भी परखी गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को जनसुविधाएं दुरुस्त रखने और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम मधुसूदन गुप्ता एवं प्रभारी तहसीलदार दिनेश कुमार मौजूद रहे।

**धौरहरा तहसील में एडीएम का औचक निरीक्षण, अभिलेखों की स्थिति पर नाराजगी**- शनिवार को अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह ने तहसील धौरहरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों का रख-रखाव संतोषजनक नहीं पाया गया। कई अभिलेखों पर धूल जमी मिलने पर एडीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण में आरके राजीव का कार्य भी अपेक्षित स्तर का नहीं पाया गया, जिस पर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एसडीएम कार्यालय के पेशकार के नए होने पर उन्हें प्रशिक्षण दिलाए जाने की बात कही गई। साथ ही पेशकार तहसीलदार को भी अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। एडीएम ने तहसील भवन की रंगाई-पुताई, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता जताई।

एडीएम न्यायिक ने तहसील पलिया का किया औचक निरीक्षण

एडीएम न्यायिक अनिल कुमार रस्तोगी ने शनिवार को तहसील पलिया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संग्रह अनुभाग, रजिस्ट्रार अनुभाग, नजारत, राजस्व लिपिक पटल, उप जिलाधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय एवं नायब तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण किया। अभिलेखों की समीक्षा करते हुए एडीएम न्यायिक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार, तहसीलदार ज्योति वर्मा, नायब तहसीलदार गण सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कस्बा खीरी में जल्द खुलेंगे आंगनबाड़ी केंद्र : आमिर रज़ा पम्मी

- खीरी विकास समिति के लंबे संघर्ष का दिखा असर, शासन तक भेजे गए थे ज्ञापन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कुकरा खीरी। कस्बा खीरी में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रही खीरी विकास समिति का प्रयास अब रंग लाता नजर आ रहा है। समिति के अध्यक्ष आमिर रज़ा पम्मी ने प्रेस वार्ता में बताया कि जल्द ही कस्बा खीरी में आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाएंगे। आमिर रज़ा पम्मी ने कहा कि यह कस्बा खीरी की विडंबना है कि लगभग 70 हजार की आबादी वाले कस्बे में आज तक एक भी आंगनबाड़ी केंद्र संचालित नहीं है, जबकि यहां जनपद में सर्वाधिक अंत्योदय एवं बीपीएल कार्डधारक निवास करते हैं। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना को लेकर वे पिछले 8 से 10 वर्षों से लगातार संघर्ष कर रहे हैं। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान, ज्ञापन देने और विभागीय मंत्रालय तक पत्राचार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस मामले में शासन स्तर से जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से डिमांड मांगी गई है। डिमांड प्राप्त होते ही आंगनबाड़ी केंद्रों के खुलने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि हाल ही में नगर पंचायत खीरी द्वारा जो डिमांड भेजी गई थी, उसमें मात्र 16 आंगनबाड़ी केंद्रों की मांग की गई है, जबकि विभागीय मानकों के अनुसार प्रत्येक 800 की जनसंख्या पर एक आंगनबाड़ी केंद्र का प्रावधान है। इस हिसाब से कस्बा खीरी की लगभग 70 हजार की आबादी के लिए कम से कम 80 से 90 आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। आमिर रज़ा पम्मी ने जिला प्रशासन एवं नगर पंचायत से मांग की कि विभागीय मानकों के अनुरूप शासन को डिमांड भेजी जाए, ताकि कस्बा खीरी की जरूरतमंद आबादी को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में पक्षपात किया गया तो नगर पंचायत खीरी से लेकर जिला मुख्यालय तक आंदोलन व प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर खीरी विकास समिति के पदाधिकारियों में डॉ. नज़र अंसारी, डॉ. एहराज़ अरमान, अनस अंसारी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## छह दिन से लापता बालक का शव सरसों के खेत में पड़ा मिला

बांदा। छह दिन पहले घर से लापता हुए बालक का शव सरसों के खेत में पड़ा मिला। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल के नमूने लिए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की बहन ने कुकर्म के बाद प्राइवेट पार्ट उखाड़कर हत्या करने की आशंका जताई है। कोतवाली क्षेत्र के मुरवल गांव निवासी सत्यवीर (10) पुत्र राकेश वर्मा 2 फरवरी को अचानक लापता हो गया। परिजनों ने कई दिनों तक उसकी तलाश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो उन्होंने बबेरू कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। शनिवार की सुबह हरियाली काटने गई गांव की महिलाओं ने सरसों के खेत में उसका शव पड़ा देखा। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना बबेरू पुलिस और सत्यवीर के परिजनों को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की बड़ी बहन ने बताया कि वह नौटंकी देखने के लिए बिसंडा थाना क्षेत्र के बघंडा गांव गया था।

# हसनपुर मजरा में श्रीमद्भागवत कथा का भंडारे के साथ हुआ भव्य समापन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांगरमऊ-उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम हसनपुर मजरा में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन शनिवार को हवन, कन्याभोज एवं विशाल भंडारे के आयोजन के साथ श्रद्धा एवं भक्ति भाव से सम्पन्न हो गया। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए क्षेत्र भर से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

ग्राम निवासी सुरेन्द्र कटियार के संयोजन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ बीते 31 जनवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया था। सात दिनों तक वृंदावन धाम से पधारीं कथावाचिका देवी दीक्षा अवस्थी ने भगवान श्रीकृष्ण के विविध लीलाओं एवं प्रसंगों पर आधारित भक्तिमय कथाओं का रसपान कराकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

कथा के समापन क्रम में 5 फरवरी को भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जबकि 6 फरवरी को स्थापना दिवस मनाया गया। अंतिम दिन शनिवार को विधि-विधान से हवन पूजन, कन्याभोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आयोजक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागवताचार्य का माल्यार्पण कर दक्षिणा अर्पित की और उनका सम्मान किया। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### माँ की हत्या करने वाला पुत्र गिरफ्तार

उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गंगाघाट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अपनी ही माँ की निर्मम हत्या करने वाले पुत्र को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त लोहे की रॉड बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को थाना गंगाघाट क्षेत्र के ग्राम कंजाखेड़ा, मोहल्ला पीपरखेड़ा निवासी राजेश कुमार पुत्र स्वर्गीय राम कुमार ने थाने में तहरीर दी। तहरीर में बताया गया कि उसका भाई राजन उर्फ कल्लू पुत्र स्व. राम कुमार, उम्र करीब 30 वर्ष, ने पारिवारिक विवाद के चलते उनकी माँ शांति के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से मौके पर ही शांति की मौत हो गई। घटना के संबंध में थाना गंगाघाट पर मु0अ0सं0 59/2026 धारा 103(1) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस कार्रवाई के तहत शनिवार को थाना गंगाघाट पुलिस ने अभियुक्त राजन उर्फ कल्लू को आज़ाद मार्ग स्थित बाबा कुटी के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक अदद लोहे की रॉड (आला-ए-कत्ल) बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई के उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### महाशिवरात्रि पर त्रयोदश महारुद्राभिषेक व पार्थिव शिव पूजन, अगले दिन होगा नि:शुल्क रुद्राक्ष वितरण

गोला गोकरननाथ खीरी। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 15 फ़रवरी 2026 को गोलागोकरननाथ स्थित नीलकंठ मैदान तीर्थ में भगवान शिव की आराधना हेतु त्रयोदश महारुद्राभिषेक एवं पार्थिव शिव पूजन का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह दिव्य अनुष्ठान पूर्ण वैदिक विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ संपन्न होगा। आयोजन के अंतर्गत महाशिवरात्रि की संपूर्ण रात्रि रुद्री पाठ एवं महाभिषेक के माध्यम से भगवान शिव का जागरण किया जाएगा। इसके उपरांत पूजन में प्रयुक्त एवं वैदिक मंत्रों से सिद्ध किए गए रुद्राक्षों का नि:शुल्क वितरण कार्यक्रम अगले दिन नीलकंठ मैदान, गोलातीर्थ में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक पंडित रामदेव मिश्र शास्त्री ने बताया कि रुद्राक्ष वितरण से पूर्व महाशिवरात्रि की रात्रि में रुद्राक्षों को विधिवत रुद्री पाठ एवं महारुद्राभिषेक द्वारा जागृत किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को उनका पूर्ण आध्यात्मिक एवं सकारात्मक लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि आयोजन को लेकर शास्त्री भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। यह आयोजन क्षेत्र के समस्त शिवभक्तों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा, श्रद्धा एवं सनातन परंपरा से जुड़ने का एक दुर्लभ अवसर होगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू', पंकज बाजपेई, पर विजय, अमरनाथ मिश्र, यज्ञदत्त, रामेंद्र, रविन्द्र, शिवम, सौरभ, हरिहर, हर्ष सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### नशे में ड्यूटी व कार्य में लापरवाही पर एक्श का कड़ा रुख, ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित

लखीमपुर खीरी। जिले में प्रशासनिक अनुशासन को लेकर सख्ती बढ़ा दी गई है। ब्लॉक मितौली में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी अरुण ध्वज मिश्र को विभागीय कार्यों में गंभीर लापरवाही बरतने एवं ड्यूटी के दौरान नशे की हालत में पाए जाने के आरोप में मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं एवं दैनिक प्रशासनिक कार्यों में लगातार लापरवाही की शिकायतें मिल रही थीं। जांच के दौरान अधिकारी का आचरण एवं कार्यप्रणाली विभागीय नियमों के प्रतिकूल पाई गई, जिसके बाद यह कठोर कार्रवाई की गई। इस संबंध में एक्श अभिषेक कुमार ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि जनता से जुड़े कार्यों में लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# डीपीएस एल्डिको में 'लिटिल चैंप्स- प्ले, रन एंड शाइन' खेलकूद समारोह संपन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क






लखनऊ। दिल्ली पब्लिक स्कूल एल्डिको, लखनऊ में 7 फरवरी 2026 को नन्हे विद्यार्थियों के लिए आयोजित खेलकूद समारोह ल्लिटिल चैंप्स ऽ प्ले, रन एंड शाइनङ्क का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। खेल मैदान बच्चों की ऊर्जा, उत्साह और उल्लास से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत, टॉर्च रिले एवं खेल शपथ के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा अंथवाल ने प्रेरणादायी संबोधन देते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि क्वालिटी इंश्योरेंस की मनीप कौर ने खेल महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन किया।

कार्यक्रम के दौरान ताइक्वांडो के आकर्षक प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा पाँच के विद्यार्थियों में 50 मीटर बालक वर्ग में अद्यान्त सिंह ने प्रथम, अबीर लांबा ने द्वितीय एवं अंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में साविका प्रथम, सृष्टि यादव द्वितीय एवं आरोही मिश्रा तृतीय रहीं। कक्षा चार के बालक वर्ग में देवांश वर्मा, कौस्तुभ दुबे एवं भावेश ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में भूविका, काशवी एवं श्रेया विजेता रहीं।

कक्षा तीन के 30 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में एकांश सिंह, पार्थ सिंह एवं अविलव तथा बालिका वर्ग में निष्ठा झा, अग्रिमा कटियार एवं लक्षिका सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। अन्य खेलों में बॉल बैलेंसिंग में बालक वर्ग में दिव्य वर्धन, श्रेय सब्रे एवं सम्राट, जबकि बालिका वर्ग में अनवि, खुशी पाल एवं आन्या श्रीवास्तव विजेता रहीं। हुला हूप प्रतियोगिता में बालक वर्ग में पुलकित गर्ग, युवराज सिंह एवं राघव प्रताप सिंह तथा बालिका वर्ग में अक्षिता मिश्रा, निष्ठा तलवार एवं अर्बीया फातिमा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

टास्क रेस में बालक वर्ग में अयांश सिंह, दिव्यांश एवं आकर्ष दीक्षित तथा बालिका वर्ग में आराध्या शर्मा, सांची सिंह एवं अद्रिति राठौर विजेता रहीं। रिले दौड़ में बालक वर्ग में शैमरॉक सदन प्रथम, ब्लूबेल सदन द्वितीय एवं ट्यूलिप सदन तृतीय स्थान पर रहा, जबकि बालिका वर्ग में ब्लूबेल सदन प्रथम, ट्यूलिप सदन द्वितीय एवं डैफोडिल सदन तृतीय रहा।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के गायन समूह की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही अभिभावकों के लिए म्यूजिकल चेयर्स एवं रस्साकशी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वंदना खरे द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक यादगार पहल साबित हुआ।

## सपाइयों ने एसआईआर पर रणनीति व जन जागरूकता पर की चर्चा

बांदा। सपा की मासिक बैठक में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एसआईआर से संबंधित पार्टी की रणनीति और जन जागरूकता पर चर्चा की। कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। बिजलीखेड़ा स्थित जिला कार्यालय में शनिवार को सपा जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा की अध्यक्षता में मासिक बैठक आयोजित हुई। बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव ने कहा कि एसआईआर से जुड़ी नीतियों का सीधा असर आम जनता पर पड़ता है। इसलिए, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे इसकी सही और पूरी जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। साथ ही जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने पर जोर दिया। ताकि उनकी आवाज सरकार तक पहुंच सके।

# अफगानिस्तान के खिलाफ हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन करना होगा न्यूजीलैंड को

एजेंसी

चेन्नई। उलटफ़ेर करने में माहिर अफगानिस्तान जैसी खतरनाक टीम के खिलाफ न्यूजीलैंड को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के पहले मैच में रविवार को खेल के हर विभाग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। विश्व कप से पहले इस प्रारूप में न्यूजीलैंड का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है और भारत ने उसे श्रृंखला में 4-1 से हराया। टिम सीफर्ट और फिन एलेन के आने से शीर्षक्रम मजबूत लग रहा है लेकिन रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन और डेवोन कोंवे को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत के खिलाफ मध्यक्रम की नाकामी न्यूजीलैंड को बहुत खली है।



ऐसे में कोई कोताही महंगी पड़ सकती है क्योंकि इस ग्रुप में दक्षिण अफ्रीका भी है। न्यूजीलैंड को अपने गेंदबाजों के भी फॉर्म में लौटने की उम्मीद होगी जो भारत के खिलाफ काफी महंगे साबित हुए थे। लॉकी फर्ग्युसन ने भारत के खिलाफ एक ही मैच खेला लेकिन उनकी गेंदों में अतिरिक्त रफ्तार और विविधता देखी गई। उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ अहम भूमिका निभानी होगी जबकि मिचेल सेंटनेर और लेग स्पिनर ईश सोढी उनका साथ देंगे। दूसरी ओर अफगानिस्तान काफी दमदार टी20 टीम है जिसने पिछले सप्ताह वेस्टइंडीज का श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। उसके पास काफी मैच विनर खिलाड़ी है लेकिन सबसे बड़ा स्टार राशिद खान है। दुनिया भर में टी20 लीग खेलने वाले राशिद की गेंदें अब उतनी रहस्यमयी भले ही नहीं रह गई हों लेकिन वह बेहद खतरनाक गेंदबाज हैं। उनका साथ देने के लिये मुजीबुर रहमान और नूर अहमद होंगे। चेपॉक की पिच पर दोनों टीमों के स्पिनरों की भूमिका अहम होगी।

**टीमें :**

न्यूजीलैंड : मिचेल सेंटनेर (कप्तान), फिन एलेन, माइकल ब्रासवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कोंवे, जैकब डफी, जॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम सीफर्ट, ईश सोढी।

अफगानिस्तान : राशिद खान (कप्तान), नूर अहमद, अब्दुल्लाह अहमदजइ, सेदिकुल्लाह अटल, फजलहक फारूकी, रहमानुल्लाह गुरबाज, मोहम्मद इशाक रहीमी, शाहिदुल्लाह कमल, मोहम्मद नबी, गुलबदिन नायब, अजमतुल्लाह उमरजइ, मुजीबुर रहमान, दार्विश रसूली, इब्राहिम जदरान, जिया उर रहमान शरीफी।

## भारत मैच के बहिष्कार पर पुनर्विचार के श्रीलंका के अनुरोध पर अपनी सरकार से बात करेगा पीसीबी : सूत्र

एजेंसी

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड टी20 विश्व कप में 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार के फैसले पर पुनर्विचार के श्रीलंका क्रिकेट के अनुरोध पर अपनी सरकार से बात करेगा।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम को टी20 विश्व कप खेलने की अनुमति दे दी लेकिन भारत के खिलाफ खेलने से मना किया है। आईसीसी और प्रसारकों के लिये भारत . पाकिस्तान मैच सबसे ज्यादा कमाई करने वाला होता है। श्रीलंका ने पीसीबी को ईमेल भेजकर कहा है कि भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलने के पाकिस्तान के फैसले से श्रीलंका क्रिकेट को भारी आर्थिक नुकसान होगा जो टूर्नामेंट का सह मेजबान है। इसके अलावा श्रीलंका क्रिकेट और टूर्नामेंट की छवि को भी ठेस पहुंचेगी। पाकिस्तान अपने सारे मैच कोलंबो और पाल्लेकल में खेल रहा है। एक सूत्र ने बताया कि पाकिस्तान और श्रीलंका के सरकार और क्रिकेट स्तर पर संबंध हमेशा अच्छे रहे हैं लिहाजा श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के ईमेल को अनदेखा नहीं किया जा सकता। सूत्र ने कहा कि श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने सीधे मोहसिन नकवी से संपर्क किया है और कहा है कि इस समय श्रीलंका को पाकिस्तान के सहयोग की जरूरत है क्योंकि भारत और पाकिस्तान का मैच नहीं होने से श्रीलंका बोर्ड को टिकटों की बिक्री और आतिथ्य सेवाओं की बिक्री से मिलने वाले राजस्व में भारी नुकसान होगा। सूत्र ने बताया कि नकवी ने शम्मी सिल्वा को आश्वासन दिया है कि वह सरकार से बात करेंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### कोहली, सचिन समेत समूचे क्रिकेट जगत ने दी भारतीय अंडर 19 टीम को बधाई

**नयी दिल्ली।** चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली, सचिन तेंदुलकर और भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर समेत समूचे क्रिकेट जगत ने भारतीय टीम को अंडर 19 विश्व कप जीतने पर बधाई दी है। चौदह वर्ष के वैभव सूर्यवंशी के 80 गेंद में 175 रन की मदद से भारत ने फाइनल में नौ विकेट पर 411 रन बनाकर इंग्लैंड को सौ रन से हराया। 2008 में अंडर 19 खिताब जीत चुके कोहली ने एक्स पर लिखा ,'' भारत की अंडर 19 टीम को फिर विश्व कप जीतने पर बधाई। आयुवर्ग क्रिकेट में हमारा दबदबा कायम है। पूरी टीम और सहयोगी स्टाफ को बधाई। भारत के मुख्य कोच गंभीर ने कहा ,'' तुम सभी पर गर्व है। भविष्य उज्ज्वल है। इंडिया अंडर 19। वहीं महान बल्लेबाज तेंदुलकर ने लिखा ,'' चैम्पियंस। इस युवा टीम और इसके बेखौफ खेल पर गर्व है। पूरी टीम, कोच और सहयोगी स्टाफ को बधाई। उन्होंने आगे लिखा ,'' आपके पास एक सूर्यवंशी है तो इस तरह का ब्लॉकबस्टर प्रदर्शन लाजमी है। शानदार प्रदर्शन वैभव। भारत के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने लिखा ,'' प्रतिभा, निडरता और दृढता के साथ बेदाग प्रदर्शन। अंडर 19 टीम ने बता दिया कि वे क्या कर सकते हैं। जबर्दस्त आत्मविश्वास और कौशल का प्रदर्शन। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सूर्यवंशी की खास तौर पर तारीफ करते हुए लिखा ,'' वैभव का शानदार प्रदर्शन। क्या खास सोचकर उतरते हो। फाइनल में क्लास पारी। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की सदस्य और रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी ने भी भारत के युवा खिलाड़ियों के अनुशासन और आत्मविश्वास की सराहना की। उन्होंने विज्ञप्ति में कहा, ''आईसीसी अंडर-19 विश्व कप में रिकॉर्ड छठी बार जीत हासिल करने पर हमारी भारतीय टीम को हार्दिक बधाई। यह वास्तव में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक उपलब्धि है। उन्होंने कहा, ''आपने अपनी उम्र से कहीं अधिक साहस, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ खेला है। यह जीत सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं है, बल्कि यह युवा भारत की भावना का सशक्त प्रतीक है। यह बेखौफ महत्वाकांक्षा, एकजुट टीम वर्क और उत्कृष्टता की खोज जारी रखने जैसा है। उन्होंने ने कहा, '' उम्मीद है कि यह जीत आने वाले समय में और भी बड़ी उपलब्धियों की शुरुआत होगी। आपके कारण भारतीय क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल है। भारतीय अंडर-19 टीम को साल 2000 में इस विश्व कप चैंपियन बनाने में अहम योगदान देने वाले पूर्व कप्तान मोहम्मद कैफ ने सूर्यवंशी की तारीफ की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''वैभव ने 80 गेंदों पर 175 रन बनाए, जिसमें 15 छक्के शामिल थे। क्या हम क्रिकेट के भविष्य को देख रहे हैं? अगर वह और कुछ समय और खेलते, तो 300 रन भी बना सकते थे। भारत धन्य है, क्योंकि वह लगातार विश्व स्तरीय बल्लेबाजों को उभरते हुए देख रहा है।

### अमेरिकी किसानों, उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंच देता है यह व्यापार समझौताः यूएसटीआर

**न्यूयॉर्क/ वाशिंगटन।** अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (यूएसटीआर) ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के साथ हुए व्यापार समझौते के तहत अमेरिकी किसानों एवं उत्पादकों को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक तक बेहतर पहुंच दिला रहे हैं। अमेरिका की विदेशी व्यापार नीति के विकास और प्रोत्साहन के लिए जिम्मेदार संस्था यूएसटीआर ने कहा कि भारत ने सभी अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों और कृषि उत्पादों की एक विस्तृत शृंखला पर शुल्क खत्म करने या घटाने की प्रतिबद्धता जताई है। यूएसटीआर ने स्थानीय समयानुसार शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, पेड़ों से मिलने वाले मेवों, पशु आहार में प्रयुक्त होने वाले अनाज अवशिष्ट से लेकर लाल ज्वार और ताजे एवं प्रसंस्कृत फलों तक, अमेरिका-भारत समझौते से अमेरिकी उत्पादों के लिए नया बाजार खुलेगा। व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने एक अन्य पोस्ट में कहा, ल्लराष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकी किसानों और उत्पादकों की पहुंच को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक तक बढ़ा रहे हैं। भारत ने अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं एवं कृषि उत्पादों पर शुल्क घटाने या हटाने, लंबे समय से चली आ रही गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने, अधिक अमेरिकी वस्तुएं एवं सेवाएं खरीदने और 500 अरब डॉलर से अधिक के अमेरिकी उत्पादों की खरीद पर सहमति जताई है। समझौते के प्रावधानों का स्वागत करते हुए अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि दूत जैमीसन ग्रीर ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की 'सौदा करने की खूबी' से अमेरिकी श्रमिकों और उत्पादकों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक के द्वार खुल रहे हैं। ग्रीर ने एक बयान में कहा, आज की घोषणा अमेरिका और भारत के बीच गहराते संबंधों को दर्शाती है, जिससे दोनों देशों के किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर सृजित होंगे।

### इंग्लैंड का सामना नेपाल से , ब्रूक को उम्मीद कि अब फोकस मैदानी प्रदर्शन पर रहेगा

**मुंबई।** दो बार की चैम्पियन इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक को उम्मीद है कि टी20 विश्व कप के पहले मैच में रविवार को उनकी टीम जब नेपाल से खेलेगी तो फोकस वेलिंगटन क्लब में हुई घटना की बजाय मैदान में प्रदर्शन पर रहेगा। टी20 प्रारूप में दमदार टीमों में से एक इंग्लैंड की कमान ब्रूक के हाथ में है लेकिन एशेज दौरे से पहले रात को नाइटक्लब में एक बाउंसर से हुई उनकी झड़प को लेकर लगातार वह सुर्खियों में रहे हैं। कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में उनसे उस घटना से जुड़ा सवाल पूछा गया और हरफनमौला विल जैक्स को भी उन सवालों का जवाब देना पड़ा। जैक्स ने कहा ,'' मैं उस समय न्यूजीलैंड में नहीं था तो मुझे जानकारी नहीं है। वहां उसने गलत फैसला लिया और उसे स्वीकार किया। उसके बाद से वह सकारात्मक राह पर मुड़ गया। उन्होंने कहा ,'' उसे पता है कि उसने क्या किया और अब उसे कोई बदल नहीं सकता लिहाजा उसे इतनी तवज्जो देना सही नहीं है। वह चाहता है कि बस क्रिकेट पर ही बात हो। मैदान से बाहर की उस घटना के अलावा इंग्लैंड ने विश्व कप की पुख्ता तैयारी की है और प्रबल दावेदारों में से एक है।

### एशियन चैंपियनशिप 2026: एलावेनिल ने 10 मीटर एयर राइफल में जीता स्वर्ण मेघना को कांस्य

नई दिल्ली। भारत की स्टार निशानेबाज़ एलावेनिल वलारिवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन चैंपियनशिप 2026 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर अपना खिताब बरकरार रखा। वहीं, मेघना सज्जनार ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। यह मुकाबला शनिवार को डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज, नई दिल्ली में खेला गया। एलावेनिल ने फाइनल में 252.0 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

जापान की मिसाकी नोबाटा 251.5 अंकों के साथ रजत पदक पर रहीं, जबकि मेघना सज्जनार ने 229.5 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। यह एलावेनिल का 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में तीसरा एशियन चैंपियनशिप स्वर्ण पदक है। भारत की ही आर्या बोर्से (209.0) भी फाइनल में पहुंचीं, लेकिन वह चौथे स्थान पर रहीं और पदक से चूक गईं।

## खराब फॉर्म से जूझ रही श्रीलंका का सामना पहले मैच में आयरलैंड से

एजेंसी

कोलंबो। खराब दौर से गुजर रही श्रीलंकाई टीम टी20 विश्व कप ग्रुप बी के अपने पहले मैच में रविवार को आयरलैंड से खेलेगी तो पिछली निराशाओं को भुलाकर अपने घरेलू दर्शकों को मुस्कुराने का मौका देने का इरादा होगा। भारत के साथ टूर्नामेंट की सह मेजबान श्रीलंका की तैयारी अच्छी नहीं रही है। उसे घरेलू टी20 श्रृंखला में इंग्लैंड ने 3 . 0 से हराया। अब श्रीलंका उन गलतियों से सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगा। श्रीलंका की समस्या प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रही है। इंग्लैंड के खिलाफ दबाव के हालात में उसके बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों नहीं चल सके। बारह साल पहले टी20 विश्व कप जीत चुकी श्रीलंका को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा और कागजों पर उसकी टीम मजबूत भी दिख रही है। श्रीलंका को पेचीदा ग्रुप मिला है जिसमें आस्ट्रेलिया भी है। आयरलैंड और जिम्बाब्वे उलटफ़ेर कर सकते हैं और




ओमान भी ग्रुप में है। दासुन शनाका की कप्तानी वाली टीम को हरफनमौला प्रदर्शन करना होगा और सीनियर खिलाड़ियों पर बड़ी जिम्मेदारी रहेगी। श्रीलंका के पास शीर्षक्रम में पाथुम निसांका और कुसल मेंडिस जैसे बल्लेबाज हैं। उनके अलावा कामिल मिशारा भी हैं जो बड़े टूर्नामेंट में अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। कुसल परेरा पर काफी कुछ निर्भर होगा जबकि मध्यक्रम में कामिंदु मेंडिस, चरित असलंका और जनिथ लियानागे भी हैं। तेज गेंदबाजी में दुष्मंता चामीरा और मथीषा पथिराना जिम्मा संभालेंगे लेकिन कंधे की चोट के कारण बाहर हुए ईशान मलिंगा की कमी खलेगी जिनकी जगह प्रमोद मधुशान खेल रहे हैं। स्पिन गेंदबाजी का मोर्चा वानिंदु हसरंगा संभालेंगे जबकि टीम में दुनिथ वेलालागे और महीष तीक्षणा भी हैं। दूसरी ओर आयरलैंड के प्रदर्शन का दारोमदार अनुभवी पॉल स्टर्लिंग , हैरी टेक्टर और जोश लिटिल पर रहेगा। आयरलैंड आठवीं बार टी20 विश्व कप खेल रहा है और 2009 के बाद से सारे टूर्नामेंट खेला है। उसने हाल ही में इटली और यूएई को हराया है और जीत की लय कायम रखना चाहेगा। अगर वह श्रीलंका को हरा देता है तो इस ग्रुप से सुपर आठ में पहुंचने का दावेदार हो सकता है।

टीमें : श्रीलंका : दासुन शनाका (कप्तान), पाथुम निसांका, कामिल मिशारा, कुसल मेंडिस, कामिंदु मेंडिस, कुसल परेरा, चरित असलंका, जनिथ लियानागे, पवन रत्नायके, वानिंदु हसरंगा, दुनिथ वेलालागे, महीष तीक्षणा, दुष्मंता चामीरा, मथीष पथिराना, प्रमोद मधुशान। आयरलैंड : पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), मार्क एडेयर, रोस एडेयर, बेन कैलित्ज, कुर्टिस कैंफर, जेरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, मैथ्यू हम्फ्रेस, जोश लिटिल, बैरी मैकार्थी, हैरी टेक्टर, टिम टेक्टर, लोरकान टकर, बेन व्हाइट, क्रेग यंग।

### चोट से वापसी पर विश्व कप की जिम्मेदारी संभालने को तैयार टिम डेविड

कोलंबो। ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज़ टिम डेविड टी20 विश्व कप के शुरुआती चरणों में धीरे-धीरे टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं, ताकि टूर्नामेंट के अहम मोड़ पर वह अधिकतम प्रभाव डाल सकें। हैमस्ट्रिंग चोट से उबर रहे डेविड ने साफ किया है कि वह इस वैश्विक टूर्नामेंट में बड़ी जिम्मेदारी निभाने के लिए मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार हैं। शुक्रवार को कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड में ऑस्ट्रेलिया के अभ्यास सत्र के दौरान डेविड ने अपनी चोट को लेकर किसी भी तरह की कमजोरी के संकेत नहीं दिए। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों और स्थानीय स्पिनरों के खिलाफ जमकर शॉट्स लगाए और गेंद को मैदान के हर कोने में पहुंचाया। अभ्यास सत्र के दौरान डेविड और मार्कस स्टोइनिस की बल्लेबाज़ी इतनी आक्रामक रही कि दर्जनभर से अधिक गेंदें साईटस्क्रीन के पीछे स्थित जिमखाना क्लब लाउंज की छत पर जा गिरीं, जिससे वहां मौजूद स्टाफ और रिपोर्टर को बार-बार बचाव करना पड़ा।

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में गेहूं, चावल डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को पूर्ण संरक्षण

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने व्यापार समझौते के तहत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथेनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियों और मांस जैसे संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों के मामले में अमेरिका को कोई शुल्क रियायत नहीं दी है और इन क्षेत्रों को पूरी तरह संरक्षण दिया है। भारत और अमेरिका ने शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा पर सहमत होने की घोषणा की। इस समझौते के तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को पहले के 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ल्लयह समझौता किसानों के हितों की रक्षा करने और ग्रामीण आजीविका को बनाए रखने के लिए भारत की



प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके तहत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथेनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियां और मांस सहित संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों को पूरी तरह से संरक्षित किया गया है। इन वस्तुओं का संबंध भारत के छोटे और सीमांत किसानों की आजीविका से जुड़ा होने के कारण इन्हें संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। भारत ने अन्य मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में भी संवेदनशील कृषि और डेयरी उत्पादों पर किसी तरह की आयात शुल्क रियायत नहीं दी है। हाल ही में यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दिया गया है। कृषि और पशुपालन जैसी संबद्ध गतिविधियां भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो 70 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करती हैं। विकसित अर्थव्यवस्थाओं के विपरीत, जहां कृषि अत्यधिक मशीनीकृत और निगमित क्षेत्र के रूप में है, भारत में यह एक बड़ी आबादी की आजीविका का साधन है। भारत के कृषि क्षेत्र को वर्तमान में मध्यम से उच्च आयात शुल्क और नियमों के जरिये संरक्षण दिया गया है, जो करोड़ों घरेलू किसानों को अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाते हैं। अमेरिका से भारत को कृषि निर्यात वर्ष 2024 में 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर था। इन प्रमुख निर्यातों में बादाम (छिलके सहित, 86.8 करोड़ डॉलर), पिस्ता (12.1 करोड़ डॉलर), सेब (2.1 करोड़ डॉलर), एथेनॉल (एथिल अल्कोहल, 26.6 करोड़ डॉलर) शामिल हैं।

## रिलायंस कंज्यूमर ने ऑस्ट्रेलियाई पेय कंपनी 'बेटर-फॉर-यू' में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया स्थित गुडनेस ग्रुप ग्लोबल (जीजीजी) में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल करने की घोषणा की है। इस सौदे में 'बेटर-फॉर-यू' पेय व्यवसाय शामिल है, जिसके जरिये आरसीपीएल को ऑस्ट्रेलियाई बाजार में प्रवेश करने और अपनी विदेशी उपस्थिति का विस्तार करने में मदद मिलेगी। एक संयुक्त बयान के अनुसार, ल्लइस रणनीतिक साझेदारी के तहत, आरसीपीएल भारत सहित नए बाजारों में गुडनेस ग्रुप के प्रमुख स्वास्थ्यवर्धक पेय ब्रांड जैसे 'नेक्सबा' और 'पेस' को बढ़ावा देने में मदद करेगी। कंपनी ने इस अधिग्रहण की राशि और हिस्सेदारी के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया है। यह साझेदारी स्वास्थ्य आधारित पेय पोर्टफोलियो विकसित करने के आरसीपीएल के प्रयासों को और मजबूत करती है। आरसीपीएल के निदेशक टी कृष्णकुमार ने कहा, ल्लअपनी मजबूत आपूर्ति श्रृंखला और वितरण क्षमताओं के साथ, आरसीपीएल नए बाजारों में जीजीजी के ब्रांड का विस्तार और भारत में उनकी व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। गुडनेस ग्रुप के संस्थापक ट्रॉय डगलस ने कहा कि उन्हें आरसीपीएल के रूप में एक मजबूत भागीदार मिला है, जो अगले पांच वर्षों में 50 पश्चिमी बाजारों तक विस्तार करने में मदद करेगा।

## एसबीआई का मुनाफा तीसरी तिमाही में 13 प्रतिशत बढ़कर 21,317 करोड़ रुपये पर

एजेंसी

मुंबई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शनिवार को बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 13.06 प्रतिशत बढ़कर 21,317 करोड़ रुपये रहा। सार्वजनिक क्षेत्र के इस बैंक ने पिछले साल की इसी अवधि में 18,853 करोड़ रुपये और पिछली सितंबर 2025 तिमाही में 21,137 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। देश के सबसे बड़े ऋणदाता का एकल आधार पर शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में 24.48 प्रतिशत बढ़कर 21,028 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल की समान अवधि में यह आंकड़ा 16,891 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकल आधार पर कुल आय बढ़कर 1,40,915 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,28,467 करोड़ रुपये थी। इस दौरान कुल खर्च 1,04,917 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,08,052 करोड़ रुपये हो गया। बैंक की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) का अनुपात 31 दिसंबर, 2025 तक बेहतर होकर 1.57 प्रतिशत रहा, जो सितंबर 2025 में 1.73 प्रतिशत था। वहीं, कुल प्रावधान 4,507 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की समान अवधि में 911 करोड़ रुपये था। कुल पूंजी पर्याप्तता अनुपात 31 दिसंबर, 2025 तक 14.04 प्रतिशत रहा।

## व्यापार समझौते में संवेदनशील अनाज, फल, डेयरी उत्पाद और मांस पर कोई शुल्क रियायत नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने अंतरिम व्यापार समझौते के तहत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियों और मांस जैसे संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों के मामले में अमेरिका को कोई शुल्क रियायत नहीं दी है और इन क्षेत्रों को पूरी तरह संरक्षण दिया गया है। भारत और अमेरिका ने शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा पर सहमत होने की घोषणा की। इस समझौते के तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को पहले के 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ल्लयह समझौता किसानों के हितों की रक्षा करने और ग्रामीण आजीविका को बनाए रखने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके तहत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियां और मांस सहित संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों को पूरी तरह से संरक्षित किया गया है। इन वस्तुओं का संबंध भारत के छोटे और सीमांत किसानों की आजीविका से जुड़ा होने के कारण इन्हें संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने कहा कि सभी व्यापार वार्ताओं में किसानों के हित सर्वोपरि रहते हैं और मोदी सरकार किसानों की रक्षा करने और ग्रामीण आजीविका को सुरक्षित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। गोयल ने कहा, ''भारत-अमेरिका अंतरिम समझौते की रूपरेखा के माध्यम से भारतीय वस्तुओं के लिए तरजीही पहुंच सुनिश्चित करते हुए, अनाज, फल, सब्जी, मसाले, तिलहन, डेयरी, मुर्गी पालन और मांस सहित कई अन्य संवेदनशील कृषि क्षेत्र को लेकर कोई रियायत नहीं दी गई है।



स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# असम राज्य के 7 वर्षीय अथर्व सहित 49 बटुकों का शंकराचार्यघाट पर उपनयन संस्कार

■ बटुकों ने सनातन धर्म का मार्ग अपनाया, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने दिया आर्शीवाद



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी (वाराणसी) के शंकराचार्यघाट पर शनिवार को 'जगद्गुरुकुलम' के अथर्व कश्यप (7 वर्ष) सहित 49 छात्रों (बटुक) का उपनयन संस्कार विधि विधान से मंत्रोच्चार के बीच शनिवार को किया गया। केदारघाट स्थित श्री विद्यामठ में पण्डित रामचन्द्र देव सहित अनेक आचार्यों के आचार्यत्व में उपनयन संस्कार सम्पन्न हुआ। मठ के प्रभारी ब्रह्मचारी परमात्मानन्द ने सभी उपनीत बटुकों को गायत्री मंत्र की दीक्षा दी। इस अवसर पर ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सभी छात्रों को आर्शीवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि सभी उपनीत छात्र आगे चलकर योग्य पण्डित बनकर समाज को सनातन धर्म के शाश्वत मार्ग पर ले कर चलेंगे। वेदाध्ययन के पूर्व उपनयन आवश्यक है और यही हमारी परम्परा है। श्री विद्या मठ के प्रवक्ता संजय पांडेय ने बताया कि ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य पूरे देश में भारतीय संस्कृति को आगे बढाने के लिए अभूतपूर्व सेवाकार्य करते हुए अनेकों कार्य कर रहे हैं। शंकराचार्य पूरे देश में इस समय 'जगद्गुरुकुलम' की १० से अधिक शाखा चला रहे हैं। उनकी इच्छा है कि हर जिले में कम से कम एक निःशुल्क गुरुकुल हो, ताकि हिन्दू सनातन धर्म की शिक्षा सभी को सहज प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि आज जगद्गुरुकुलम की काशी शाखा के छात्रों का उपनयन संस्कार गंगा तट श्रीशंकराचार्य घाट पर सम्पन्न हुआ।

## चार दिन से लापता युवक का तालाब में उतराता मिला शव

सीतापुर। थानगांव थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह उस समय हड़कम्प मच गया, जब गांव के बाहर स्थित तालाब में एक युवक का शव उतराता हुआ मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाया। पहचान होने के बाद खुलासा हुआ कि शव चार दिन से लापता युवक का है। मृतक की पहचान थानगांव निवासी 20 वर्षीय मनीष कश्यप पुत्र नरेश कश्यप के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार मनीष 3 फरवरी की शाम से लापता था। परिजन और पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रहे थे, लेकिन शनिवार सुबह तालाब में शव मिलने से पूरे गांव में मातम छा गया। ग्रामीणों और परिजनों ने आशंका जताई है कि मनीष का 3 फरवरी की शाम नव निर्मित पुलिया के पास से अपहरण किया गया था। इसके बाद उसे कई दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया और फिर उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। हत्या के बाद सबूत मिटाने के इरादे से शव को रात के अंधेरे में तालाब में फेंक दिया गया, ऐसा प्रतीत हो रहा है। शव की हालत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक के नाक से रक्तस्राव हो रहा था और शरीर पर चोट के कई स्पष्ट निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका और गहरी हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में आक्रोश का माहौल बन गया। सूचना पर थानगांव पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष विमल गौतम ने बताया कि युवक की गुमशुदगी की सूचना 3 फरवरी को शाम 7 बजे मिलने के बाद से ही पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। उन्होंने बताया कि परिजनों ने अभी तक किसी के भी खिलाफ तहरीर नहीं दी है।

# एसआईआर पर पीडीए प्रहरी रख रहे कड़ी नजर : राम गोपाल



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

औरैया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद प्रोफ़ेसर रामगोपाल यादव के शनिवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए औरैया पहुंचने पर समर्थकों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने बल्लापुर स्थित विवेकानंद इंटर कॉलेज, नगला भोज में नवनिर्मित भौतिक विज्ञान एवं रासायनिक विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रोफ़ेसर रामगोपाल यादव ने छात्रों से संवाद करते हुए शिक्षा और वैज्ञानिक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामगोपाल यादव ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर कहा कि लखनऊ से भाजपा के लोग यह तय कर भेज रहे हैं कि किसे वोट देना है और किसका वोट काटना है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरा कार्य जिला अधिकारियों के माध्यम से कराया जा रहा है। यह लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में यदि किसी भी प्रकार की धांधली की गई तो पीडीए प्रहरी बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक पैनी नजर रखेंगे। जरूरत पड़ने पर समाजवादी पार्टी यह लड़ाई बूथ से लेकर सीधे सुप्रीम कोर्ट तक लड़ेगी। यूजीसी से जुड़े एक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि यह मामला न्यायालय के निर्णय का विषय है। इस पर फिलहाल कुछ कहना उचित नहीं है। आवश्यकता पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट तक संघर्ष किया जाएगा। कार्यक्रम में बाबा रामनेश यादव, डॉक्टर विवेक चौधरी, इटावा के पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल यादव, संतोष यादव, सपा जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम, दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव, जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र यादव, स्कूल प्रबंधक ध्रुव यादव, लोहिया वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मवीर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, पूर्व राज्य मंत्री रामबाबू, महेंद्र त्रिपाठी, राजकुमार, विधानसभा अध्यक्ष, भगवती देवी निषाद, रश्मी यादव, मधु यादव, बबलू यादव, पूर्व विधायक मदन सिंह गौतम, योगेश विरासिया, स्नेहलता दोहरे, कल्लू यादव सहित बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रेलवे ट्रैक पर मिला प्रतियोगी छात्रा का शव

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित शिवकुटी थाना क्षेत्र में रेलवे पुल पर शनिवार को एक छात्रा का शव पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराया और विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फिर भी मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि शिवकुटी थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक युवती का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। इस सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लिया। मृतक की पहचान आजमगढ़ जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र के मीर अहमदपुर गांव निवासी जयप्रकाश की बेटी दीपिका (19) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही उसके परिजन भी आ गए हैं।

# ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रसारित फिल्म के खिलाफ ब्राह्मण महासभा का विरोध

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर। अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने वेब सीरीज घूसखोर पंडित को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। महासभा की ओर से शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक मांग पत्र सौंपा गया, जिसमें ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रसारित हो रही फिल्म पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित वीरेंद्र दुबे ने कहा कि फिल्म के माध्यम से ब्राह्मण समाज की छवि को जानबूझ कर नकारात्मक और अपमानजनक रूप में प्रस्तुत किया गया है, जिससे एक विशेष समुदाय की भावनाएं आहत हो रही हैं। फिल्म में प्रयुक्त कथानक और संवाद सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचा सकते हैं और जातीय विद्वेष को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी भी समाज या वर्ग का अपमान स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने प्रदेश सरकार से मामले का संज्ञान लेते हुए फिल्म की विषयवस्तु की जांच कराने और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि फिल्म पर शीघ्र रोक नहीं लगाई गई तो महासभा प्रदेशव्यापी आंदोलन करने को बाध्य होगी।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# उप्र के मंत्री सुनील कुमार शर्मा के आवास पर लगा स्मार्ट मीटर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गाजियाबाद। केंद्र सरकार की पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी) के आवास पर शनिवार को स्मार्ट मीटर लगाया गया। इस दौरान मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि ''यह केंद्र सरकार की एक बेहतरीन योजना है, जो पारदर्शी विद्युत प्रणाली की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। यह न केवल उपभोक्ताओं को सही और पारदर्शी बिल प्राप्त करने में मदद कर रही है, बल्कि राज्य की बिजली व्यवस्था को भी सुदृढ़ बना रही है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि ''स्मार्ट मीटर'' डिजिटल इंडिया के क्षेत्र में एक बड़ी क्रांति है। यह समय बचाती है और आपको स्मार्ट बनाती है। स्मार्ट मीटर समय की मांग है। हमारा लक्ष्य है कि जल्द ही हर घर में स्मार्ट मीटर लग जाए। स्मार्ट मीटर का हर घर में इंस्टॉल होना तकनीकी विकास का हिस्सा है और यह एक नई सोच की शुरुआत भी है। इस अवसर पर चीफ इंजीनियर पवन अग्रवाल ने कहा कि ''गाजियाबाद शहर में लगभग 7 लाख 5 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के परिसरों में स्मार्ट मीटर की स्थापना की जानी है। जिसमें से करीब 1 लाख 25 हजार उपभोक्ताओं के परिसरों में स्मार्ट मीटर इंस्टॉल किए जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश में 3 करोड़ 9 लाख 78 हजार स्मार्ट मीटर इंस्टॉल किए जाने हैं। जिसमें से 79 लाख 8 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि आप प्रतिदिन कितनी यूनिट बिजली खर्च कर रहे हैं, इसे एप पर लाइव देख सकते हैं। साथ ही, प्रीपेड मीटर में कितना बैलेंस बचा है, इसकी जानकारी भी होम स्क्रीन पर उपलब्ध होती है। इसके तहत उपभोक्ता गूगल पे, फोन-पे या क्रेडिट कार्ड के जरिए सीधे एप से ही स्मार्ट मीटर रिचार्ज कर सकता है। उन्होंने बताया कि बिजली कटने या वोल्टेज की समस्या होने पर ऐप के जरिए ही शिकायत दर्ज होगी और उसका स्टेटस भी ट्रैक किया जा सकेगा।

# वर्ष 2023 के बाद पीयू के छात्र-छात्राओं को मिलेगी प्लास्टिक कोटेड डिग्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जौनपुर। यूपी के जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने उपाधियों को अधिक सुरक्षित और टिकाऊ बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने निर्णय लिया है कि वर्ष 2023 के बाद स्नातक, परास्नातक और व्यावसायिक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को अब प्लास्टिक कोटेड डिग्री प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, इससे पहले उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को पूर्व की तरह कागज पर मुद्रित डिग्री ही दी जाएगी। नई व्यवस्था का उद्देश्य उपाधियों को लंबे समय तक सुरक्षित रखना और छेड़छाड़ की सम्भावनाओं को समाप्त करना है। कागज की डिग्रियों के फटने, खराब होने या नष्ट होने की आशंका बनी रहती है, जबकि प्लास्टिक कोटेड डिग्री अधिक मजबूत और टिकाऊ होती है। नई व्यवस्था से छात्र-छात्राओं को रोजगार, उच्च शिक्षा और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में आवेदन के दौरान सहूलियत मिलेगी। इस मामले में शनिवार को बात करते हुए परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि प्लास्टिक कोटेड उपाधि टूटने या खराब होने की स्थिति में भी सुरक्षित रहती है और इसमें किसी भी प्रकार की हेराफ़ेरी संभव नहीं है। डिग्री में एक विशेष गुप्त कोड अंकित रहेगा, जिसे केवल विभागीय स्तर पर ही सत्यापित किया जा सकेगा।

## भारत के सौ वर्ष की आजादी 2047 की सोच को साकार करने वाला है यह बजट : कमलेश पासवान



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। भारत जब 2047 में सौ वर्ष की आजादी का पर्व मनाएगा, तभी की सोच को केन्द्र बिंदु में ध्यान में रखते हुए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का बजट बनाया गया है। यह बजट, विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला है। यह बातें उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद में शनिवार को सर्किट हाऊस के सभागार में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कही। केंद्रीय राज्यमंत्री देश के बजट को लेकर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि एआई पर पूरी दुनिया काम कर रही है। 40 हजार करोड़ का निवेश एआई पर भारत करने जा रहा है। एआई पर भारत की बड़ी योजना है और इसके लिए बजट में स्थान दिया गया है। कोविड के बाद जहां पूरी दुनिया परेशान है, वहीं भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। अर्थ व्यवस्था में भारत ने तेजी से ऊंचाइयों को छुआ है। मेडिकल और रक्षा के क्षेत्र में विशेष कार्यों को लेकर बजट में स्थान मिलने पर उन्होंने कहा कि देश में पांच मेडिकल हब बनेगा और दुनिया से लोग इलाज कराने आयेंगे। उनके आने से देश को बड़ा अर्थ लाभ होगा। इसी तरह रक्षा क्षेत्र में हमने बजट 26 प्रतिशत बढ़ाया है और इस बार का रक्षा बजट देश को उन्नति देने वाला है। उन्होंने कहा कि किसानों, युवाओं, महिलाओं के लिए भी बजट में बहुत कुछ मोदी सरकार ने दिया है। सरकार पूरी तरह से किसान के हितों को ध्यान में रखने वाली है। भारत में बादाम, काजू को बढ़ावा देने के लिए किसानों को उत्साहित करने के लिए भी बजट में स्थान मिला है। टूरिज्म के क्षेत्र में सांस्कृतिक विकास हो रहा है, काशी विश्वनाथ कारीडोर जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण है।

# महाशिवरात्रि पर्व : काशी विश्वनाथ धाम और ब्रज धाम के सांस्कृतिक संबंधों में नए अध्याय का होगा प्रारंभ

■ श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा से सोमवार को आ जाएगा बाबा विश्वनाथ के विवाह के वस्त्र

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) में महाशिवरात्रि पर्व पर श्री काशी विश्वनाथ धाम और ब्रज धाम के सांस्कृतिक संबंधों में एक नए अध्याय का शुरूआत होगी। महापर्व पर काशी विश्वनाथ धाम में पहली बार भगवान शिव के विवाह से जुड़े वस्त्र और श्रृंगार का सामान श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा से सोमवार नौ फरवरी को पहुंचेगा। महाशिवरात्रि के दिन बाबा विश्वनाथ का भव्य श्रृंगार इन वस्त्रों और आभूषणों से किया जाएगा। महादेव के विवाह में नेग-पंचमेवा, फलाहारी चढ़ावा, वस्त्र, आभूषण और अन्य श्रृंगार सामग्री मथुरा से काशी भेजी जाएगी। इन सामग्रियों को विशेष रूप से भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में तैयार किया गया है। आठ फरवरी रविवार को मथुरा में सूर्योदय के बाद एक सजी ट्रक से विवाह सामग्री वाराणसी के लिए रवाना की जाएगी। यह जानकारी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की ओर से शनिवार को दी गई। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों से रंगभरी एकादशी पर बाबा विश्वनाथ को मथुरा से अबीर-गुलाल भेजे जाते हैं। वहीं, पिछले साल श्री काशी विश्वनाथ ट्रस्ट और श्रीकृष्ण जन्मभूमि के साथ समझौता कर नेग और उपहार भेजने की परंपरा शुरू हुई। इसके साथ ही विश्वनाथ धाम और श्रीकृष्ण जन्मस्थान मथुरा के बीच उपहारों के आदान-प्रदान का क्रम शुरू हुआ है। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ)के अनुसार महाशिवरात्रि का पावन पर्व भगवान शिव के विवाहोत्सव के रूप में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इसी पवित्र अवसर पर इस वर्ष काशी में एक विशेष और अभिनव परंपरा का साक्षात्कार होने जा रहा है। मथुरा श्री कृष्ण जन्मस्थली से बाबा विश्वनाथ के लिए श्रृंगार एवं पूजन सामग्री भेंट स्वरूप प्राप्त होगी। यह भेंट निश्चित ही इस महापर्व की गरिमा को और अधिक बढ़ाएगी। गत वर्ष रंगभरी एकादशी पर्व पर धार्मिक सांस्कृतिक आदान प्रदान का नवाचार काशी मथुरा के मध्य प्रारंभ किया गया था। इसी प्रकार पवित्र तीर्थ जल योजना द्वारा काशी रामेश्वरम धाम का संबंध भी पुनः परिभाषित किए जाने का नवाचार भी प्रारंभ हुआ है। इस वर्ष के नवाचार में कृष्ण जन्मभूमि से श्री काशी विश्वनाथ महादेव को महाशिवरात्रि पर भेंट तथा कृष्ण जन्माष्टमी पर श्री काशी विश्वनाथ महादेव द्वारा लड्डू गोपाल को उपहार प्रेषित किए जाने का नवाचार एक नवीन अध्याय होगा। उन्होंने कहा कि यह नवाचार पूर्ण रूप से हरिऽहर के अद्भुत संबंध को दर्शाता है। हरि अर्थात भगवान विष्णु और हर अर्थात भगवान शिव-दोनों का संबंध सनातन परंपरा में अविच्छिन्न और पूरक माना गया है। विष्णु पालन के प्रतीक हैं तो शिव संहार और कल्याण के। दोनों का समन्वय सृष्टि के संतुलन का आधार है। मथुरा जन्मस्थली से बाबा विश्वनाथ के शृंगार का आगमन इसी सनातन एकत्व का सजीव प्रतीक है। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, समरसता और सनातन संस्कृति की एक अनुपम अनुभूति प्रदान करेगा तथा हरिऽहर के शाश्वत संबंध को नई चेतना के साथ जनमानस के समक्ष प्रस्तुत करेगा। उन्होंने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास इस पावन भेंट के लिए श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर न्यास को धन्यवाद प्रेषित किया है।